




आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...



हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in



● वर्ष- 15 अंक 203- ● जबलपुर ● बुधवार, 25 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


## बुधवार सुबह के आंकड़े

# एक ही दिन में बढ़े संक्रमण के 12 हजार से अधिक मामले



**नई दिल्ली।** देश में बुधवार को कोरोना के मामले में मंगलवार के मुकाबले 12 हजार से अधिक की वृद्धि हो गई जिसने लोगों के साथ-साथ सरकार की भी चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना के 37,593 नए मामले आए हैं जबकि 648 लोगों की मौत हो गई। वहीं 34,169 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट गए हैं। देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 3,22,327 है। वहीं देश में कुल मृतकों की संख्या की बात करें तो यह 4,35,758 हो गई है और अब तक कुल स्वस्थ मरीजों की संख्या 3,17,54,281 हो गई है। मंगलवार को बीते 24 घंटे में 25, 467 नए मामले सामने आए थे जबकि 354 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 39 हजार से ज्यादा मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दी गई थी। वहीं कल सक्रिय मरीजों की कुल संख्या 3.19 लाख थी। वहीं देश भर में मंगलवार तक 58.89 करोड़ से ज्यादा कोरोना के टीके लगाए गए थे। जबकि कल बीते 24 घंटों में 63.85 लाख वैक्सीन की डोज लगाई गई थीं। केरल में बीते 24 घंटे में कोरोना के 24,296 नए मामले सामने आए हैं। जिससे राज्य में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 38,51,984 हो गई। जबकि 173 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की तादाद 19,757 पर पहुंच गई। इस बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने अहम जानकारी देते हुए कहा कि देश में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले कुल मामलों के 0.99 फीसदी हैं।

## मध्य प्रदेश में 20 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य, 36 लाख डोज उपलब्ध



**भोपाल।** कोरोना टीकाकरण महाअभियान के दूसरे चरण में आज पहले दिन 20 लाख लोगों को कोविड-19 से बचाव के टीके का पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा। कोवैक्सीन और कोविशील्ड दोनों वैक्सीन लगाई जाएंगी। दो दिन के इस अभियान में गुरुवार को 15 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रदेश के टीकाकरण केंद्रों में 36 लाख डोज वैक्सीन पहुंचा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को भी केंद्र सरकार से नौ लाख डोज मिले हैं। पहले से 27 लाख डोज उपलब्ध थे। बुधवार को भी टीका केंद्र से मिलेगा। प्रदेश भर में टीकाकरण के लिए बुधवार को 8000 सत्र आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोग टीका लगवाने के लिए आएं, इसके लिए प्रदेश भर में टीमें काम कर रही है।

### काबुल से आये 16 लोग पाजिटिव

भारत सरकार ने अफगानिस्तान में फंसे लोगों को निकालने में काफी तेजी दिखाई है मंगलवार को काबुल से 78 नागरिकों को भारत लाया गया था। इनमें से 16 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें वो तीन लोग भी शामिल हैं, जो अलग-अलग गुरुद्वारों से श्री गुरु ग्रंथ साहिब लेकर आए थे। ये लोग केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के संपर्क में भी आए थे।

## क्विक अपडेट



### लार्ड्स में आज से तीसरा टेस्ट, टीम में बदलाव संभव

**लार्ड्स।** लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड पर प्रभावशाली जीत दर्ज करने के बाद अब विराट कोहली की टीम इंडिया ने तीसरे मुकाबले के लिए कमर कस ली है। दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा मैच 25 अगस्त से लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। वैसे हेडिंग्ले इंग्लैंड का किला रहा है लेकिन भारत उसे तोड़ने से नहीं चूकेगा। पहले दो टेस्ट मैचों की बात की जाए तो टीम इंडिया काफी संतुलित नजर आई। भारत के टॉप आर्डर ने अब तक इस सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है जबकि टीम इंडिया के गेंदबाज काफी घातक साबित हुए हैं। लेकिन चिंता भारत के मध्यक्रम को लेकर की जा रही है। ऐसे में भारत की टीम में बदलाव संभावित है।

### रोहन नाम बताकर इरफान ने युवती से की शादी

**आगर-मालवा।** सुसनेर में लव जिहाद का मामला सामने आया है। मंगलवार की शाम 6 बजे सोयत रोड़ स्थित सुसनेर पुलिस थाने में पीड़िता शिकायत दर्ज कराने पहुंची। उसने पुलिस को बताया कि वार्ड क्रमांक-12 में जामुनिया रोड़ पर निवास करने वाले इरफान खान नामक युवक ने तीन साल पहले शुजालपुर में अपना नाम रोहन बताकर उससे शादी की थी। 21 वर्षीय पीड़िता से शपथ पत्र करवाकर विवाह किया। उसके बाद युवक ने उसका नाम बदलकर आलिया बी रखते हुए निकाह किया।

### सितंबर के दूसरे सप्ताह से शुरू होंगी पहली से आठवीं तक की कक्षाएं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति के नियंत्रण में आने के बाद सरकार ने स्कूलों में पहली से आठवीं तक की कक्षाएं शुरू करने का फैसला लिया है। सितंबर के दूसरे सप्ताह से स्कूलों में पहली से आठवीं तक विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं कोरोना प्रोटोकाल के पालन के साथ शुरू होंगी। इसके पहले 9वीं से 12वीं तक कक्षाएं स्कूलों में शुरू हो चुकी हैं। । (अंतिम पृष्ठ भी देखें)

## चाचा पशुपति पारस का भतीजे चिराग पासवान पर बड़ा आरोप

# पिता को जबरन अध्यक्ष पद से हटाया



**पटना।** केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्री पशुपति कुमार पारस ने बुधवार को चिराग पासवान पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चिराग ने अपने पिता रामविलास पासवान को जबरन राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से हटा दिया, जबकि उनकी इच्छा नहीं थी हटने की। पशुपति ने कहा कि मेरे बिहार प्रदेश अध्यक्ष रहने के दौरान पार्टी का प्रदर्शन बेहद शानदार था लेकिन चिराग ने मुझे भी अध्यक्ष पद से हटा दिया। मेरी क्या गलती थी जो मुझे यह सजा मिली। वहीं उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चिराग ने मुझे चाचा मानने से इनकार कर दिया और मुझसे कहा कि हमदोनों का खून एक नहीं है। मैं अब चिराग से किसी भी तरह का संबंध रखना नहीं चाहता हूं। पशुपति ने कहा कि नीतीश कुमार को विकास पुरुष कहने पर चिराग ने मुझे पार्टी से निकालने तक की धमकी दे दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले साल संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान चिराग ने मुझे कहा कि हमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जेल भेजना है। मैंने विरोध करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा क्या कर दिया कि तुम उन्हें जेल भेज दोगे। पार्टी के सभी सांसद की राय है कि एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाए लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी और सबको किनारे कर दिया। वहीं उन्होंने कहा कि पार्टी को बचाने में मुझे एनडीए के सभी पार्टियों का सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि चिराग ने पार्टी को बर्बाद कर दिया है। अब मैं उससे किसी भी तरह का संबंध नहीं रखना चाहता हूं। हाजीपुर ही नहीं पूरे बिहार की जनता हमारे साथ है।

# तालिबान ने किये पासपोर्ट जब्त

## अफगान नागरिकों को देश से बाहर ले जाने की इजाजत नहीं देंगे



**काबुल** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तालिबान के घुसने के साथ ही यहां पिछले एक हफ्ते से ज्यादा समय से अफरा-तफरी का माहौल है। पूरे अफगानिस्तान से लोग काबुल एयरपोर्ट पहुंच रहे हैं, ताकि यहां से वे फ्लाइट पकड़ कर किसी और देश जा सकें। हालांकि, इस बीच तालिबान ने कहा है कि वह काबुल एयरपोर्ट जा रहे अफगान नागरिकों को रोकेगा। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि उन्होंने एयरपोर्ट तक जाने वाली सड़कें ब्लॉक कर दी हैं। अफगान अब एयरपोर्ट तक नहीं जा पाएंगे। सिर्फ विदेशी नागरिकों को ही उस सड़क से एयरपोर्ट तक जाने की इजाजत होगी। मुजाहिद ने कहा कि बीते दिनों में जो भी अफगान नागरिक काबुल एयरपोर्ट पर जुटे हैं, उन्हें अपने घर लौट जाना चाहिए। उसने यह भी कहा कि ऐसे लोगों को तालिबान की तरफ से कोई सजा नहीं दी जाएगी। बता दें कि तालिबान ने अमेरिकी सेना को काबुल से निकलने के लिए 31 अगस्त तक का समय दिया है। इसके चलते काबुल एयरपोर्ट पर देश छोड़ने के लिए जुटने वालों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। तालिबान प्रवक्ता ने आगे कहा, हम आगे अफगान नागरिकों को देश से बाहर ले जाने की इजाजत नहीं देंगे और हम इससे खुश भी नहीं हैं। अफगानिस्तान के डॉक्टरों और अकादमिकों को देश छोड़कर नहीं जाना चाहिए। उन्हें अपनी खूबियों वाले क्षेत्र में काम करना चाहिए।÷ बता दें कि बीते दिनों में अफगानिस्तान छोड़ने वाले ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग हैं।

# इसे कहते हैं वक्त: पिज्जा डिलेवर करने को मजबूर अफगानिस्तान के कद्दावर मंत्री



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा होने के बाद से लोगों के साथ-साथ नेताओं में भी दहशत का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में अफगानिस्तान के पूर्व आईटी मंत्री सैयद अहमद शाह सादत भी जर्मनी में शरण लेने को मजबूर हो गए। सादत ने यहां रहने का तो प्रबंध कर लिया लेकिन आर्थिक तंगी ने उन्हें उस काम को करने पर मजबूर कर दिया जिसके बारे में कोई नेता सोच भी नहीं सकता। दरअसल उन्हें यहां रोजी-रोटी चलाने के लिए पिज्जा डिलीवरी करने पर मजबूर होना पड़ा है। दरअसल, अफगान सरकार में संचार मंत्री रहे सैयद अहमद शाह सादत ने तालिबानी कब्जे के बाद ही अफगानिस्तान छोड़ दिया था। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, वो इस वक्त जर्मनी में हैं और उनकी तस्वीरें भी सामने आ रही हैं। ईहा न्यूज ने जो तस्वीरें ट्वीट की हैं, उसमें आप देख सकते हैं कि अफगानिस्तान के पूर्व मंत्री अहमद शाह जर्मनी में पिज्जा डिलीवर कर रहे हैं। वे रोजी रोटी चलाने के लिए साइकिल पर पिज्जा डिलीवरी करने को मजबूर हो गए हैं।

# उत्तराखंड में तबाही: देर रात देहरादून में फटा बादल



**देहरादून।** यहां बादल फटने के कारण भारी बारिश हो रही है। यहां पूरा शहर पानी-पानी हो गया है। उत्तराखंड में मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सुरक्षा व बचाव के लिए राहत दल पहले ही तैनात किया जा चुका है। मिली जानकारी के मुताबिक देहरादून के संतला देवी मंदिर के पास बादल फटने के कारण विकट स्थिति निर्मित हो गई है। पहाड़ों की मिट्टी व पत्थर बरसने से लोगों की मुसीबत ज्यादा बढ़ गई है। देहरादून में आईटी पार्क में लबालब पानी भर गया है। हालांकि अभी तक जानमाल के ज्यादा नुकसान की खबर नहीं है। देश के कई राज्यों में मानसून अभी भी सक्रिय है और मौसम विभाग ने 27 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश और बिहार को फिलहाल बारिश से राहत मिलती नहीं दिख रही है। यहां 27 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में 26 अगस्त तक बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं बिहार में भी एक बार फिर से भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य में मौसम विभाग ने कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 अगस्त तक उत्तराखंड के कई हिस्सों में भी तेज बारिश हो सकती है।

## राणे को अभी भी राहत नहीं: अब नासिक पुलिस ने भेजा नोटिस



**मुंबई।** राथप्पड़ वाले बयान के मामले में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे को जमानत मिलने के बावजूद राहत मिलती नहीं दिख रही है। दरअसल, अब नासिक पुलिस ने राणे को उनके खिलाफ प्राथमिकी के सिलसिले में नोटिस भेजकर दो सितंबर को थाने में पेश होने को कहा है। वहीं सुरक्षा के मद्देजनर मुंबई में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के आवास के बाहर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। बता दें कि राणे ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था, जिसके बाद उनके खिलाफ गिरफ्तारी नोटिस जारी कर दिया गया था। कागजी कार्यवाही पूरी कर गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद रात को उन्हें रायगढ़ के महाड अदालत में पेश किया गया जहां उन्हें जमानत दे दी गई। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नितेश ने आधी रात के तुरंत बाद ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट कर मंगलवार को अपने पिता की गिरफ्तारी को लेकर महाराष्ट्र सरकार पर हमला बोला। फिल्म रजनीति के एक दृश्य का हिस्सा है और अभिनेता मनोज बाजपेयी को करारा जवाब मिलेगा की चेतावनी देते हुए दिखाया गया है।

# बैंक गारंटी के विकल्प के रूप में बीमा बांड लाने पर विचार

## भारतीय उद्योग परिसंघ की चर्चा, निर्मला सीतारमण भी मौजूद



**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आज मुंबई में आयोजित एक चर्चा के दौरान वित्त मंत्रालय में वित्त सचिव एवं सचिव व्यय डॉ टीवी सोमनाथन ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार बैंक गारंटी के विकल्प के रूप में बीमा बांड लाने पर विचार कर रही है। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी मौजूद थीं। आमतौर पर बैंक गारंटी ऋण देते समय मांगी जाती है। इसकी जरूरत गिरवी संपत्ति के तौर पर होती है। एक बीमा बांड भी गारंटी की ही तरह है, लेकिन इसके लिए किसी प्रकार के कोलैट्रल की आवश्यकता नहीं होती। मालूम हो कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मुंबई दौरे का आज दूसरा दिन है। टीकाकरण की गति बढ़ने पर डॉ सोमनाथन ने कहा कि सरकार खरीद को लेकर बहुत सक्रिय है, यहां तक कि खरीद दिशानिर्देशों में ढील भी दी गई है। कुछ बाधा आपूर्ति पक्ष में थी, जिसे जल्द ही दुरुस्त कर लिया जाएगा, क्योंकि अब नए टीके उपलब्ध हैं। संबोधन में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार संपत्ति सृजित करने वालों पर भरोसा करती है। इस दौरान वित्त मंत्री ने भारत की अपनी इक्विटी पूंजी बनाने के लिए सरकार और उद्योग जगत के साथ मिलकर काम करने के महत्व पर जोर दिया। सीतारमण ने इसकी भी पहचान करने पर जोर दिया कि कैसे उभरते क्षेत्र और स्टार्ट-अप्स भारत के भविष्य को बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं तथा कैसे सरकार उन्हें इसमें मदद कर सकती है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह सरकार सुनने, काम करने और जवाब देने में विश्वास रखती है और हरसंभव सहयोग देगी। वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव श्री तरुण बजाज ने उल्लेख किया कि राजस्व विभाग स्टार्ट-अप्स के कर संबंधी मुद्दों पर काम कर रहा है और इस पर उद्योग जगत से इनपुट मांगे गए हैं।

# मंत्री के भतीजे की धमकी से शोरूम बंद? लगा पोस्टर



**सागर।** नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह के भतीजे सिद्धार्थ सिंह ठाकुर को लेकर इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है। पोस्ट में सागर के मकरोनिया स्थित एक कार शोरूम के बाहर टांगा गया बैनर दिखाया गया है। इस पर शोरूम संचालक संतोष खोटे के हवाले से लिखा गया है कि मंत्री के भतीजे की धमकियों के कारण शोरूम बंद रखा गया है। ग्राहकों को इस असुविधा के लिए खेद है। बैनर पर संचालक का मोबाइल नंबर भी है। हालांकि इस पोस्ट के वायरल होने के बाद जब शोरूम पर पहुंचकर देखा गया तो वहां बैनर नहीं था। इधर इस मामले में गोपालगंज निवासी संतोष दुबे ने रात 11 बजे बहेरिया थाना में शोरूम संचालक के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज करवाया है।

## सलमान को रोकने वाले जवान को मिला ईनाम

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को मुंबई एयरपोर्ट पर रोकने वाले जवान को ईनाम मिला है। इस जवान ने सलमान के विदेश जाने से पहले सिक्योरिटी चेक के लिए उन्हें रोका था और जांच के बाद जाने दिया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था और लोगों ने इस जवान की खूब तारीफ की थी। जवान के साथ ही सलमान की भी तारीफ हुई थी क्योंकि उन्होंने इस चेकिंग में पूरी तरह से पुलिस की मदद की थी। हालांकि इस घटना के बाद कई ऐसी खबरें भी वायरल हुई थी, जिनमें कह गया था कि इस जवान पर प्रोटोकॉल के उल्लंघन के आरोप लगे हैं।






## अजब-गजब | कन्याकुमारी नहीं, ये है भारत का सबसे आखिरी पॉइंट

**वेब डेस्क।** अगर आप से ये सवाल पूछा जाए कि भारत का सबसे दक्षिणतम बिंदु कौन सा है? तो अधिकतर लोगों का उत्तर होगा कन्याकुमारी। हालांकि ये उत्तर गलत है। आपको बता दें कि भारत का सबसे दक्षिणतम बिंदु इंदिरा पॉइंट है। ये भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के अंतर्गत आने वाले निकोबार जिला और ग्रेट निकोबार के आधीन आता है। प्रशासनिक स्तर पर अगर देखा जाए तो इंदिरा पॉइंट लक्ष्मी नगर पंचायत के अंतर्गत आता है। इंदिरा पॉइंट भारत का सबसे दक्षिणतम हिस्सा है। भारत की सामरिक, कूटनीतिक और सुरक्षा की दृष्टि से इस स्थान का काफी खास महत्व है। इस जगह पर जहाजों को रास्ता दिखाने के लिए एक लाइट हाउस भी है, जिसकी शुरुआत साल 1972 में की गई थी। ये भारत के रास्ते मलेशिया या मलक्का स्ट्रेट की तरफ जाने वाले जहाजों को रास्ता दिखाता है। इस बिंदु का नाम भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के



नाम पर पड़ा था। इंदिरा पॉइंट पर कैंपबेल खाड़ी में एक छोटा सा गांव स्थित है। इस गांव को मिनी पंजाब के नाम से जाना जाता है। इस जगह पर एक गुरुद्वारा भी है। आपको बता दें कि इंदिरा पॉइंट पर स्थित कैंपबेल खाड़ी को भारत के सबसे रहस्यमय स्थानों में गिना जाता है। 2011 की जनगणना रिपोर्ट की मानें तो यहां पर केवल 4 परिवार ही रहता है, जिनकी कुल सदस्यों की संख्या 27 है। कूटनीतिक और रणनीतिक दृष्टि से ये जगह भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है। शुरुआत में इस जगह को पिग्मेलियन पॉइंट के नाम से जाना जाता था। वहीं जब 1984 में इंदिरा गांधी की मृत्यु हुई, तो इस जगह का नाम बदलकर इंदिरा पॉइंट रख दिया गया। इस जगह की साक्षरता दर 85 प्रतिशत है। व्यापारिक, कूटनीतिक और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने की वजह से यहां पर बड़ी मात्रा में सैनिक तैनात रहते हैं। भगवान राम से जुड़ी एक पौराणिक कथा भी यहां पर प्रचलित है। इस जगह से बंगाल की खाड़ी काफी शांत दिखती है। वहीं मन्नार की खाड़ी में काफी तेज लहरें उठती हैं। मान्यता है कि जब भगवान राम ने लंका में जाने के लिए समुद्र से रास्ता मांगा तो उसने भगवान को रास्ता दिखाने से मना कर दिया। इसके बाद भगवान क्रोधित हो उठे और अपना धनुष बाण उठा लिया। इसे देख समुद्र ने अपनी गलती के लिए भगवान राम से क्षमा मांगी और उन्हें रास्ता दिखाया। उसी समय से एक तरफ का समुद्र शांत है और दूसरी तरफ में काफी विशाल लहरें उठती रहती हैं।

मध्यप्रदेश शासन



# सबको वैक्सीन मुफ्त वैक्सीन






# धन्यवाद मोदी जी!

## कोविड-19 से पूर्ण सुरक्षा एवं दोनों डोज़ के लिए टीकाकरण महाअभियान

I AM VACCINATED

# टीकाकरण महाअभियान . 2

## 25-26 अगस्त, 2021 से

#MPVaccinationMahaAbhiyan2

कोरोना से संपूर्ण सुरक्षा के लिये सभी नागरिकों को कोरोना टीके के दोनों डोज़ लगवाना अत्यंत आवश्यक है। प्रदेश के 18 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे सभी लोग, जिन्होंने पहली डोज़ नहीं लगवाई है, वह पहली डोज़ लगवायें और जिन्होंने पहली डोज़ के बाद दूसरी डोज़ नहीं लगवाई है, ऐसे सभी लोग अपनी दूसरी डोज़ अवश्य लगवायें। यह ध्यान रखें कि कोरोना टीके की दोनों डोज़ लगने के बाद ही आपके अंदर कोरोना से लड़ने की पूरी क्षमता विकसित हो सकेगी।

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**प्रत्येक जिले के ब्लॉक/ग्राम/वार्ड स्तर के आपदा प्रबंधन समूहों, धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, शासकीय, अशासकीय, स्वयंसेवी संगठनों और सभी जागरूक नागरिकों के जन सहयोग से**

**टीकाकरण महाअभियान।**

D-11037/21

ध्यान रखें



वैक्सीनेशन अवश्य करवायें। | हमेशा मास्क पहनें। | दूरी बनाये रखें। | हर समय कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करें। | भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें। | समय पर हाथों को सेनेटाईज/धोते रहें।

**शासकीय टीकाकरण केंद्रों में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के लिए मुफ्त टीके उपलब्ध हैं।**

# दो डोज़ पूर्ण, सुरक्षा संपूर्ण

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी






# 50 हजार रेल कर्मचारियों का हुआ टीकाकरण

*जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल अपने रेल कर्मियों एवं उनके परिवार को सम्भावित तीसरी लहर के कोविड संक्रमण से बचाने के प्रति सतर्क और सजग है। कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के बाद पश्चिम मध्य रेल के कार्मिक एवं स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण अभियान में अधिक से अधिक लोंगों को टीकाकरण कराने के लिए जागरूक किया है। पमरे इस टीकाकरण अभियान को जागरूक करते हुए कोविड-19 महामारी की संभावित तीसरी लहर आने से पहले तीनों मण्डलों, कारखानों तथा मुख्यालय के संबंधित स्वास्थ्य एवं कार्मिक विभाग की टीम अलर्ट मोड पर काम कर रही है और स्वास्थ्य एवं कार्मिक विभाग की टीम ने टीकाकरण कार्यक्रम को व्यापक पैमाने पर चला कर इस अभियान मे सफलता हासिल कर ली है । पश्चिम मध्य रेल में 49356 रेल कर्मचारियों का टीकाकरण हो चुका है। इसके अलावा रेल कर्मचारियों के परिजनों और अन्य गैर रेलवे व्यक्तियों का भी टीकाकरण रेलवे अस्पतालों में हो रहा है। जिसमें पमरे मुख्यालय में 1362 रेल कर्मचारियों को अर्थात 98 प्रतिशत, जबलपुर मण्डल में 17652 रेल कर्मचारियों अर्थात 93 प्रतिशत, भोपाल मण्डल 15359 रेल कर्मचारियों अर्थात 89 प्रतिशत एवं कोटा मण्डल 14983 रेल कर्मचारियों अर्थात 94 प्रतिशत लोंगों का टीकाकरण हुआ। इस प्रकार पमरे में 45 वर्ष से अधिक और 18-45 वर्ष तक के आयु वर्ग में 92 प्रतिशत रेलकर्मियों का टीकाकरण हो चुका है। पश्चिम मध्य रेल का लक्ष्य है कि शत प्रतिशत टीकाकरण अगस्त 2021 तक में पूरा करना है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में तीनों मण्डलों के रेलवे चिकित्सालय की स्वास्थ्य एवं कार्मिक विभाग की टीम तथा रेलवे यूनियन, संघ आदि विभिन्न रेलवे संगठनों के सहयोग से रेलवे में वैक्सीनेशन के अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं । इस टीकाकरण अभियान में सभी स्वास्थ्य इकाइयों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है शतप्रतिशत लोंगों का वेक्सिनेशन पुरा करना है । पमरे महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मुख्यालय एवं मण्डलों के सभी रेल कर्मियों तथा उनके परिवार से अनुरोध किया है कि तीसरी लहर की संभवना को ध्यान में रखते हुए वह संक्रमण से अपने को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण केंद्र पर पहुंचकर वैक्सीन का टीका अवश्य लगाएं यह आपके जीवन रक्षा के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

## तीसरी लहर आने के पूर्व पमरे अलर्ट मोड पर

कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान

# निगमायुक्त ने झोंकी ताकत

**जबलपुर।** वैश्विक महामारी कोरोना को हराने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान प्रारंभ किया गया है। कोरोना की वैक्सीन लगाने के लिए शहर में भी व्यापक तैयारियां की गई। प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रारंभ हुए इस महा अभियान को सफल बनाने के लिए निगमायुक्त संदीप जी आर ने पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने वार्ड क्राइसिस मैनेजमेंट और निगम अधिकारियों के साथ साथ अभियान में लगे अन्य अधिकारियों के साथ भी बैठकें करते हुए उनसे वर्चुअल संवाद भी किया। उन्होंने कहा है कि कोरोना को हराने के लिए वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज लेना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा है कि दो दिवसीय वैक्सीनेशन महा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी तरह से जुट जाएं एवं इस अभियान में भाग लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीनेशन कराएं। उन्होंने कहा है कि सभी लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाना ही एकमात्र अभियान का उद्देश्य है। कोरोना वैक्सीनेशन महा अभियान को सफल बनाने के लिए निगमायुक्त द्वारा बैठकें करने के साथ-साथ अधिकारियों को निरंतर प्रेरित भी किया जा रहा है ताकि वे अपने आसपास रहने वाले एवं शहर के सम्माननीय नागरिक वैक्सीनेशन केंद्रों में पहुंचकर अधिक से अधिक वैक्सीनेशन कराएं। महा अभियान को सफल बनाने के लिए निगमायुक्त श्री संदीप जी आर ने शहर में वैक्सीनेशन के लिए बनाए गए केंद्रों का भी सघन निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर कोविड वैक्सीनेशन का महा अभियान 25 एवं 26 अगस्त को चलाया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक नागरिकों को कोरोना की वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने कोविड वैक्सीनेशन का महाअभियान के तहत शहर के सभी सम्मानीय नागरिकों से अपील की है ।



**कोरोना को हराने प्रथम एवं दूसरी डोज लेना अति आवश्यक :संदीप जी.आर.**

## डॉक्टर दीपक बहरानी का सम्मान

**जबलपुर।** ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर परम पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के परम प्रिय शिष्य एवं प्रतिनिधि दंडी स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती महाराज जी के पावन जन्मोत्सव पर शंकराचार्य नेत्रालय में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।ज्योतिष पीठ के प्रतिनिधि दंडी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं शंकराचार्य के निजी सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महामंडलेश्वर आचार्य राम कृष्णानंद महाराज की गरिमामय उपस्थिति पर महाकोशल क्षेत्र का नाम बढ़ाने वाले एवं जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र पर इस कोरोना कॉल पर डॉ दीपक बहरानी ने अपनी अहम भूमिका निभाई है । पूज्य शंकराचार्य जी के निर्देश पर जबलपुर हॉस्पिटल के एमडी डॉ दीपक बहरानी का ज्योर्तेश्वर मैं गरिमामई कार्यक्रम में गुलाब पुष्पों की माला शाल एवं श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर डॉ प्रदीप कसार मेडिकल कॉलेज डीन, आचार्य रविशंकर शास्त्री ब्रह्मचारी चैतन्यानंद आचार्य राजेंद्र शास्त्री ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्या नंद मनोज सेन आनंद तिवारी टिंकू अग्रवाल अन्ना यादव तुलसी अवस्थी अरविंद मिश्रा शारदानंद द्विवेदी आदि उपस्थित थे।



## चालीसा व्रत महोत्सव का समापन

जबलपुर । सिंधी समाज के आस्था का पर्व चालीसा व्रत महोत्सव का समापन के अवसर पर स्वामी अशोकनन्द जी महाराज द्वारा आध्यात्मिक सत्संग करते हुए कहा की चालीसा व्रत मन को निश्चल करने एवं भक्ति का मार्ग प्राप्त करने का सबसे सरल उपाय है स्वामी प्रदीप महाराज जी द्वारा बहराणा साहब एवं मटकी (कलश)का पूजन कराया गया इस मौके पर कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने कहा चालीसा के समापन के अवसर पर हर एक व्रत धारी को अपने अंदर की एक बुराई को छोड़ने का संकल्प करना चाहिये एवं एक अच्छाई ग्रहण करनी चाहिए। 16 जुलाई से शुरू हुए 40 दिन के व्रत को श्रद्धालुओं द्वारा आज व्रत खोला गया एवं मटकी एवं ज्योति का विसर्जन मां नर्मदा के तट ग्वारीघाट में किया गया इस अवसर पर मोतीलाल पारवानी उद्धव दास पारवानी, राजकुमार कांधारी, राम अहूजा,उमेश पारवानी, माधवदास कुंदवानी,श्रीचंद्र नमंधयानी, त्रिलोक वासवानी ,रमेश आहूजा, नामदेव वासवानी,जितेन्द्र ठकुर, दिव्यम पाहुजा, चेतन आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## 10 पितृहीन, मातृ हीन बच्चियों को गोद लिया

जबलपुर। विगत दिवस रोटरी क्लब जबलपुर साउथ स्व. रोटे संजय अग्रवाल की स्मृति में जैन पुत्री शाला खोवामंडी की 10 पितृ हीन मातृ हीन बच्चियों को गोद लिया जो बच्चियां गोद ली गई । इन बच्चियों के पूरे साल भर की फीस रोटरी क्लब जबलपुर साउथ ने दी रोटरी क्लब साउथ के अध्यक्ष रोटे. अनुराग जैन गढ़ावाल ने जैन पुत्री शाला प्राचार्य श्रीमती वंदना जैन के आग्रह पर यह चेक जैन पुत्री शाला के सचिव आरके जैन के कर कमलों में सौंपा इस छात्रवृत्ति योजना में रोटरी क्लब साउथ के उन समस्त सदस्यों का सहयोग है जिन्होंने इस पीड़ति मानवता के लिए के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गरीब निर्धन बच्चियों को छात्रवृत्ति हेतु सहयोग रोटे.अमित अग्रवाल ,रोटे.अमरेंद्र नारायण , रोटे.रवि वैश्य ,रोटे.अशोक परयानी ,रोटे संतोष अग्रवाल ( नवीन सदस्य ),रोटे. अखिल खंडेलवाल ,रोटे . एस के गुप्ता जी ,श्रीमति अनिता गुप्ता ,रोटे - रोहित माटा रोटे . पराग शाह जी ने किया आज के कार्यक्रम में रोटे . संतोष अग्रवाल,रोटे मुकेश काल्वे ,रोटे प्रशांत गुप्ता रोटे रोटे. अनूप खण्डेलवाल एवं शाला की ओर से श्रीमति वंदना जैन ,श्रीमती शीला पटेल आदि उपस्थित थी ।



# रांझी में स्वास्थ्य अमले ने किया डेंगू की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का निरीक्षण

जबलपुर । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रत्नेश कुररिया के निर्देशन में डॉ. राकेश पहारिया जिला मलेरिया अधिकारी एवं कीट विज्ञानी डॉ. ब्रजेश पटेल द्वारा मोबाइल टीम के साथ रांझी क्षेत्र में डेंगू की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया। रांझी क्षेत्र में मच्छरों के लार्वा सर्वे और विनष्टीकरण कार्य हेतु 9 टीम सक्रिय होकर कार्य कर रही हैं। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा अपनी टीम सहित बड़ा पत्थर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शहरी ऊषा कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेकर उन्हें अपने फील्ड में कार्य कर डेंगू के प्रतिबंधात्मक उपाय करने हेतु निर्देशित किया गया। बजरंग नगर रांझी क्षेत्र में लार्वा विनष्टीकरण की टीम का निरीक्षण स्वयं जाकर किया एवं जनसमुदाय को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। नगर निगम की फागिंग मशीन द्वारा डेंगू प्रभावित बजरंग नगर क्षेत्र, बड़ा पत्थर, सर्रा पीपर, पुरानी बस्ती, झंडा चौक, नई बस्ती यूपीएचसी बड़ा पत्थर क्षेत्र में फागिंग का कार्य कराया गया। इसके पश्चात राधा कृष्णन वार्ड सिंधी कैम्प में डॉ. ब्रजेश पटेल एवं डॉ. राकेश पहारिया द्वारा डेंगू पॉजिटिव केस की जानकारी प्राप्त की और लार्वा विनष्टीकरण कर रही टीम का निरीक्षण किया तथा वहां भी जनसमुदाय को लार्वा की जानकारी एवं बचाव के उपाय बताये। रांझी क्षेत्र में लगातार 9 टीमें जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के कर्मचारी शामिल हैं इनके द्वारा लार्वा सर्वे, लार्वा विनष्टीकरण एवं फागिंग और स्प्रे का कार्य कराया जा रहा है। इसकी मॉनिटरिंग के लिए कीटविज्ञानी डॉ. ब्रजेश पटेल एवं डॉ. राकेश पहारिया डीएमओ क्षेत्र में लार्वा सर्वे एवं विनष्टीकरण एवं फागिंग कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं। मोबाइल टीम में इंद्रजीत मिश्रा, नवीन यादव और ब्रजेश मिश्रा शामिल हैं।



### संक्रामक बीमारियों की रोकथाम कीटनाशक दवाईयों का सघन छिड़काव

डेंगू एवं अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए नगर निगम के द्वारा व्यापक मुहिम चलाकर निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार लगातार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फागिंग कार्य कराया जा रहा है। आज निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए शहर के सभी मलिन बस्तियों, निचली बस्तियों, गली गली मोहल्ले मोहल्ले और अन्य रहवासी क्षेत्रों में सघन रूप से कीटनाशक दवाईओं का छि?काव कराया। इस अवसर पर उन्होंने फागिंग मशीने भी चलवाई तथा ब्लीचिंग पाउडर डलवाकर स्वच्छता का कार्य भी कराया।निगमायुक्त संदीप जी.आर. के मार्गदर्शन में यह विशेष मुहिम चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीमों के द्वारा शहर के अनेक क्षेत्रों में पहुंचकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करते हुए फागिंग मशीन चलाई गई। निगमायुक्त श्री संदीप जी.आर. ने बताया कि शहर में डेंगू एवं अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम हेतु विशेष दलों का गठन किया गया है।

# जबलपुर, सहित महाकोशल अंचल में बारिश की दरकार

**जबलपुर,यशभारत ।** अगस्त माह बीतने को है और जबलपुर समेत महाकोशल अंचल में बारिश की दरकार बनी हुई है। मानसून एक बार फिर सुस्त पड़ गया है। वर्तमान में कोई वेदर सिस्टम सक्रिय नहीं है। मानसून ट्रफ भी अब दिल्ली के आसपास से गुजर रहा है। इस वजह से लगातार बारिश के आसार नहीं हैं। जबलपुर में अभी तक सामान्य से काफी कम बारिश हुई है। यदि अभी एक पखवाड़े में अच्छी बारिश नहीं हुई, तो सूखे का संकट मंडराने की आशंका है। सुबह से मौसम खुला है। मंगलवार शाम को अचानक बादल छाए और कुछ देर के लिये तेज बारिश हुई. जिससे उमस चरम सीमा पर पहुंच गई. उमस ने जनजीवन को परेशान कर दिया. मौसम की इस बेरुखी की वजह से सीजनल बीमारियां, तेजी से फैल रहीं हैं. घर घर में वायरल फीवर के मरीज देखे जा रहे हैं, वहीं सूखे की स्थिति की वजह से किसान भी परेशान है. स्थानीय मौसम केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार हवा का कम दबाव का क्षेत्र पूर्वी मध्यप्रदेश से निकल गया है। इसलिए यहां बारिश थम गई है। बारिश के थमते ही सूर्य की तपन और उमस के बीच तापमान औसत से ऊपर निकल गया है पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 24.2डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमीं प्रातकाल 84 प्रतिशत आंकी गई। पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश 0.6 मिमी दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 472.4 मिमी (लगभग 18 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन .02 मिमी वर्षा हुई थी और कुल वर्षा 758.1 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री दर्ज किया गया। दक्षिण पश्चिमी हवाएं 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है।

# मेडिकल से गायब हुआ मरीज

## सड़क दुर्घटना के बाद किया था भर्ती, परिजन हुए हताश

जबलपुर, यशभारत। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज से एक मरीज इलाज के दौरान ही गायब हो गया। युवक को सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद भर्ती करवाया था, परिजनों ने जब वार्ड में जाकर देखा तो युवक वहां नहीं था, जिसके बाद परिजनों ने मेडिकल में खोजा लेकिन जब कहीं सुराग नहीं मिला तो थकहार कर पुलिस को सूचना दी। गढ़ा में गुमइंसान कायम कर, पुलिस युवक को खोज रही है। गढ़ा पुलिस ने बताया िशिवसिंह मरावी पिता सुखई मरावी उम्र 28 वर्ष निवासी जमनिया मुकनवारा को 22 अगस्त 021 के शाम 7 बजे गढ़ा एम्बुलेंस चालक बिजय नायडू 108, डॉक्टर प्रदीप डेहरिया द्वारा मेडिकल कॉलेज जबलपुर लाया गया। उसका आज तक कोई पता नही चल सका।



### सीसीटीव्ही खंगालेगी पुलिस

युवक के गायब होने के बाद मेडिकल में हड़कंप की स्थिति है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, तो वहीं जिम्मेदारों को इस बात की कोई जानकारी नहीं है। अब पुलिस मेडिकल में लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगालेगी।

# भाजपा की आशीर्वाद यात्रा 28 को

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में बनाये गए नए मंत्रियों की आशीर्वाद यात्रा जबलपुर महानगर में शनिवार 28 अगस्त को निकाली जाएगी, इस हेतु व्यवस्था की बैठक भाजपा कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवँ अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र खटीक की आशीर्वाद यात्रा वरिष्ठ नेता स्व. श्री कल्याण सिंह के निधन की वजह से स्थगित की गई थी वह अब आगामी 28 अगस्त को निकाली जाएगी। श्री ठाकुर ने बताया कि यात्रा के कार्यक्रम पूर्व में निर्धारित अनुसार ही होंगे सिर्फ यात्रा मार्ग में आंशिक परिवर्तन किया गया है। यात्रा के प्रभारी पूर्व महामंत्री संदीप जैन ने बताया कि केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र खटीक 28 अगस्त को प्रातः 10 बजे सर्किट हाउस क्र. 01 में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे इसके बाद प्रातः 11 बजे सदर स्थित शहीद स्मारक में पुष्पांजली अर्पित करेंगे तत्पश्चात कटंगा तिराहा में शहीद भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण, होम साइंस कॉलेज के पास स्पेशल ओलपिंक विजेता रजनीश अग्रवाल के निवास पर खिलाड़ियों से भेंट करने के बाद दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय रानीताल पहुचेंगे जहाँ कार्यकर्ताओ द्वारा अभिनंदन एवँ आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा तुलादान किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री डॉ खटीक की आशीर्वाद यात्रा रथ के माध्यम से दोपहर 2 बजे रानीताल कार्यालय से रानीताल चौक, गढ़ाफाटक, चरहाई, घमंडी चौक, ब?ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा, मिलोनीगंज, हनुमाताल होते हुए दोपहर 3ः40 बजे बड़ी खेरमाई मंदिर पहुँचेंगी जहां पूजन उपरांत सायं 4 बजे मथुरा सेठ की बाड़ी भानतलैया में खटीक समाज द्वारा सम्मान किया जाएगा जहां से केंद्रीय मंत्री डॉ खटीक शाम 5ः15 बजे अंबेडकर चौक पहुँचकर पुष्पांजली करेंगे जहां से पर्यटन चौक, नागरथ चौक, कटंगा, रामपुर, बरगी हिल्स होते हुए 5ः45 बजे तिलवारा स्थित दयोदय तीर्थ पहुँचकर आचार्य श्री विद्यासागर जी के दर्शन करेंगे और जसूजा सिटी, धन्वंतरि चौक, मेडिकल, बरगी हिल्स से पुनः रामपुर होते हुए शाम 7 बजे ग्वारीघाट पहुँचेंगे जहां माँ नर्मदा की आरती एवँ पूजन करेंगे।

## परसवाड़ा के युवक से जबलपुर में चाकूबाजी

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा के बैदराना मोहल्ले में आपसी रंजिश के चलते परसवाड़ा निवासी एक युवक को जांघ में चाकू मारकर आरोपी युवक ने लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद मची चीख-पुकार में घटना स्थल पर लोगों का भारी जमावड़ा लग गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार परसवाड़ा निवासी युवक देवेन्द्र ठाकुर को रंजिशन एक आरोपी ने बैदराना मोहल्ले में चाकू मार दी और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने गढ़ा थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस अब सरगर्मी से आरोपी को तलाश करने में जुटी है।

## अधारताल में अधेड़ ने पिया जहर, खमरिया की वृद्धा की सड़क दुर्घटना में मौत

जबलपुर, यशभारत। अधारताल के एक अधेड़ ने जहां जहर पीकर आत्महत्या कर ली तो वहीं, खमरिया निवासी एकवृद्धा की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। थाना खमरिया में नेशनल अस्पताल से सूचना मिली कि धनीराम केवट उम्र 48 वर्ष निवासी न्यू कंचनपुर भट्ठा मोहल्ला अधारताल को ग्राम रिठौरी ललपुर के पास जहरीली वस्तु का सेवन कर लेने के कारण भर्ती कराया गया था । जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया गया। तो वहीं, मार्बल सिटी अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली 22 अगस्त 21 को सड़क दुर्घटना में घायल श्रीमति आरती श्रीवास्तव उम्र 60 वर्ष निवासी घाना खमरिया को इलाज हेतु भर्ती कराया गया था।

प्रतिभा खोज अभियान

# एथलेटिक्स के प्रति आकर्षण बढ़ा

## जबलपुर से 1346 खिलाड़ियों ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन किया

जबलपुर। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय दल के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का असर दिखने लगा है। खेलों में भागीदारी के लिए खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया है। देश के गोल्डन ब्वाय नीरज चोपड़ा की सफलता से देश में एथलेटिक्स के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है।खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति विभाग के सहयोग से चल रहे इस प्रतिभा खोज में खेल प्रतिभाओं को तलाशने और उन्हें तराशने के लिए यह अभियान चला रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 62 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें सबसे अधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स में भागीदारी कर रहे है। एथलेटिक्स के प्रति यह प्यार नीरज चोपड़ा के स्वर्ण के निशाने पर फेंके गए भाले को जाता है। उन्होंने युवाओं में एक नया जोश भर दिया है।संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन ने बताया कि प्रतिभा खोज अभियान के अंतर्गत 23 अगस्त की रात्रि तक प्रदेश के 62 हजार 178 खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी पसंद के खेलों में आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। बडी खुशी की बात है कि एथलेटिक्स खेल को पहली प्राथमिकता देते हुए 21 हजार 769 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया। दूसरे स्थान पर क्रिकेट खेल को वरीयता दी गई और 16 हजार 742 खिलाड़ियों ने रजिस्टेशन कराया। बैडमिंटन में 5799, व्हॉलीबाल में 3315 और हॉकी में 2183 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया। हमारा लक्ष्य लगभग 50 हजार था। युवाओं ने हमारी उम्मीद से बढ़कर खेलों में रूचि दिखाई है। पंजीयन में छिंदवाड़ा पहले स्थान पर रहा है। इसमें सभी 53 जिलों को शामिल किया गया था। छिंदवाड़ा 7056`, खंडवा 3,028 , इंदौर 2285 , सिवनी 2020 और रतलाम और जबलपुर से 1346 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। टैलेन्ट सर्च के लिए कब और कहाँ आना है इस संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए खिलाड़ियों को एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाएगी।



जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जबलपुर व खेल एवं युवक कल्याण विभाग जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित टैलेंट सर्च हेतु आयोजित सेमिनार में विभाग के खेल शिक्षकों को प्रयोगात्मक जानकारी प्रदान करते हुए आगामी कार्यक्रम हेतु प्रशिक्षित किया गया ।

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त, तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
सीमित स्थान | नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर | प्रवेश प्रारंभ
B.Sc. NURSING — 4 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing — 2 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM — 3 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार — शासकीय मेडिकल अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Raiway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
SC/ST/OBC छात्रों को सरकारी नियमानुसार 100% तक छात्रवृत्ति
प्रतिभा सम्मान योजना
कक्षा 12 वीं में, 75% से अधिक अंक प्राप्त छात्रों को फीस में भारी छूट
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
मो.: 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133


# कृषि के क्षेत्र में अपने ही रिकॉर्ड तोड़ता मध्य प्रदेश एक लाख 70 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में अधिक हुई बोवनी



**भोपाल।** कृषि के क्षेत्र में मध्य प्रदेश लगातार रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। उत्पादन के क्षेत्र में सात बार कृषि कर्मण अवॉर्ड लेने और रिकॉर्ड गेहूं का उपार्जन करने के बाद अब खरीफ फसलों की बोवनी पिछले साल से एक लाख 70 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में अधिक हुई है। 23 अगस्त तक 144.87 लाख हेक्टेयर बोवनी हो चुकी है। यह सिलसिला अभी जारी है। हालांकि, इस बार प्रदेश में सोयाबीन की फसल का क्षेत्र दो लाख 62 लाख हेक्टेयर घट गया है। इसकी जगह किसानों ने साढ़े चार लाख हेक्टेयर क्षेत्र में अधिक धान की फसल ली है। अभी तक 32.89 लाख हेक्टेयर रकबे (क्षेत्र) में धान की बोवनी हो चुकी है। प्रदेश सरकार ने इस बार 149 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों को बोवनी का लक्ष्य रखा था। यह तो पूरा होता नजर नहीं आ रहा है पर पिछले साल से बोवनी जरूर अधिक हो चुकी है। सोमवार को आई रिपोर्ट के मुताबिक सोयाबीन की 55 लाख 84 हजार हेक्टेयर में बोवनी हो चुकी है। जबकि, पिछले साल 58 लाख 46 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन बोया गया था। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस कमी की बड़ी वजह बोवनी के बाद बारिश का न होना है। इसकी वजह से बीज भी खराब हुआ। जो फसल लग गई थी वो बढ़ नहीं पाई।किसानों ने नुकसान की आशंका को देखते हुए दूसरी फसल लेना ही बेहतर समझा। प्रदेश में इस बार धान की बोवनी 32 लाख 89 हजार हेक्टेयर में हो चुकी है। जबकि, पिछले साल 28 लाख 43 हजार हेक्टेयर में रिकॉर्ड धान की बोवनी हुई थी। धान का क्षेत्र बढ़ने की एक और वजह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होने वाली खरीद भी है। इससे किसानों को यह गारंटी रहती है कि उनकी फसल समर्थन मूल्य पर तो बिक ही जाएगी।कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि धान के क्षेत्र में थोड़ी वृद्धि और हो सकती है। वहीं, किसानों ने इस बार तुअर (अरहर) की फसल भी दस हजार हेक्टेयर क्षेत्र में अधिक ली है। चार लाख 22 हजार हेक्टेयर में तुअर की बोवनी हो चुकी है। बाजरा भी पिछले साल की तुलना में अधिक लगाया है। मूंगफली का क्षेत्र एक लाख हेक्टेयर बढ़कर तीन लाख 79 हजार हेक्टेयर हो गया है। कृषि मंत्री कमल पटेल का कहना है कि सरकार किसानों के साथ है और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सोयाबीन का क्षेत्र जरूर कम हुआ है पर धान सहित अन्य फसलों की ओर किसानों का रूझान बढ़ा है।

## ऑनलाइन आइडिया अपलोड कर विद्यार्थी जीत सकते हैं इंस्पायर अवार्ड



**भोपाल।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत विद्यार्थियों के मौलिक विचारों, नवप्रवर्तनों को आमंत्रित किया गया है। ऐसे मौलिक विचार जो समाज की समस्याओं का समाधान कर सके और इसके अलावा घरेलू और मजदूरों के श्रम को कम करने के उपाय तथा उनकी कार्य क्षमता को बढाने के साथ-साथ सेवाओं को भी आसान करने का अभिनव राह तैयार कर सके। योजना का उद्देश्य भविष्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढावा देने के लिये एक बेहतर मानव बल श्रृंखला तैयार करना और इसके साथ ही शोध एवं विकास के आधार पर मजबूती देना है। इंस्पायर अवार्ड मानक स्कूली बच्चों में सृजनशीलता और रचनात्मक सोच की संस्कृत को बढावा देने के साथ-साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से सामाजिक जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। इस योजना में मान्यता प्राप्त शासकीय, निजी, अनुदान प्राप्त विद्यालयों के 10 से 15 वर्ष की आयु वर्ग और 6वीं से 10वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आईडिया को आनलाईन नामांकन किया जाना है। प्राचार्यो द्वारा स्कूलों में आईडिया प्रतियोगिता के जरिये बच्चो को दो से तीन मौलिक विचारों का चयन किया जायेगा जिसका आनलाईन नामांकन स्कूल द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के वेबपोर्टल E&MIAS E&Management of INSPIRE Award Scheme पर किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को अवार्ड की राशि पुरूस्कार स्वरूप उनके खातों में भेजी जायेगी । आईडिया अपलोड करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2021 है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए यह बेहतर मौका है, अपनी काबिलियत को साबित करने और खुद को श्रेष्?ठ बताने का।

## आर्थिक सुधारों से सुधरी मध्य प्रदेश की सेहत, मिला 14 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण




**भोपाल।** कोरोना की पहली लहर में जब लॉकडाउन से अर्थव्यवस्था ठप हो गई थी और सरकार के सामने वित्तीय संकट खड़ा हो गया था, तब आर्थिक सुधारों को अपनाकर मध्य प्रदेश ने व्यवस्थागत परिवर्तन किए। इससे जहां प्रदेश में निवेश करना आसान हुआ वहीं अनुदान का लाभ वास्तविक किसानों को मिलना भी सुनिश्चित हुआ है। नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति सुधारने का रास्ता भी खुल गया है।सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को अब यह सुविधा मिल गई है कि वे अपने हिस्से का खाद्यान्न् कहीं से भी ले सकते हैं। इन सुधारों की वजह से प्रदेश सरकार करीब 14 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण वर्ष 2020-21 में ले सकी। दरअसल, केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के तहत राज्यों को राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का दो फीसद अतिरिक्त ऋण लेने की अनुमति दी थी। इसमें एक प्रतिशत की अनुमति सशर्त थी। प्रदेश ने चार शर्तों को पूरा करने दिशा में कदम आगे बढ़ाए और अतिरिक्त कर्ज प्राप्त किया। प्रदेश सरकार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम के तहत राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का तीन प्रतिशत तक ऋण ले सकती है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन के लिए आधा प्रतिशत ऋण और लिया जा सकता है। पिछले साल लगभग 59 हजार करोड़ रुपये ऋण लिया गया था। इस बार केंद्र सरकार ने एक प्रतिशत अतिरिक्त ऋण लेने की अनुमति दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से एक प्रतिशत अतिरिक्त ऋण लेने की अनुमति देने की मांग कर चुकें हैं।

### 98 फीसद उपभोक्ता आधार से लिंक

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में वन नेशन-वन कार्ड व्यवस्था के लिए प्रदेश में 98 फीसद से ज्यादा उपभोक्ताओं को आधार से लिंक किया जा चुका है। कोरोना संकट के समय अन्य प्रदेश में काम कर रहे प्रदेश के पात्र उपभोक्ताओं को उचित मूल्य की राशन दुकान से खाद्यान्न् लेने की सुविधा मिली है। खाद्य संचालक तरुण कुमार पिथोड़े ने बताया कि प्रदेश ने इस दिशा में त्वरित कार्य करते हुए व्यवस्था को बनाया है।

### प्रदेश में निवेश करना हुआ आसान

केंद्र सरकार ने व्यापार करने के आड़े आने वाली प्रशासनिक जटिलताओं को दूर करने के लिए कदम उठाने पर दो हजार करोड; रुपये से अधिक अतिरिक्त ऋण लेने की अनुमति दी थी। उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने बताया कि इसके लिए लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम में संशोधन करके अनुमति देने के लिए अधिकतम तीस दिन की समयसीमा तय कर दी। इस अवधि में यदि अनुमति नहीं मिल पाती है तो पोर्टल से यह स्वत– आवेदक को मिल जाएगी और संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी।

### उपभोक्ता प्रभारों को कलेक्टर गाइडलाइन से किया जाएगा लिंक

नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न् उपभोक्ता करों को कलेक्टर गाइड लाइन से लिंक करने के लिए भी प्रदेश को अतिरिक्त ऋण की सुविधा मिली है। इसका लाभ उठाते हुए मध्य प्रदेश ने देश में सबसे पहले नियम बनाए और उन्हें लागू किया। इसके तहत जलकर, संपत्ति कर सहित अन्य करों को कलेक्टर गाइड लाइन से लिंक करने का प्रविधान किया है।

### किसानों को अनुदान का सीधा लाभ

बिजली के क्षेत्र में सुधार करने के लिए सरकार ने किसानों के खातों में बिजली बिल पर अनुदान की राशि जमा करने का कदम उठाया है। ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे ने बताया कि विदिशा में पायलट प्रोजेक्ट किया जा रहा है। जल्द ही इसे विस्तार दिया जाएगा।

## झील में चली पालनाव, पर्यटन मंत्री ने की सवारी



**भोपाल ।** पर्यटन, संस्कृति और आध्यात्म मंत्री उषा ठाकुर ने कहा कि भोपाल लगातार पर्यटन निगम के नवाचारों से परिचित हो रहा है। ड्राइव इन सिनेमा, रेल रेस्टोरेंट और अब सेलिंग बोट इसका उदाहरण है। मंत्री सुश्री ठाकुर मंगलवार को बोट क्लब पर टूरिस्ट सेलिंग बोट (पालनाव) के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने पूजन कर बोट संचालन का शुभारंभ किया। उन्होंने पर्यटकों को सेलिंग बोट की सवारी करने का आमंत्रण देते हुए नाव की सवारी का आनंद लिया और बोट में पर्यटकों को दी जाने वाली सुविधाओं को भी देखा। पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि वॉटर स्पोर्ट्स का नया फीचर सेलिंग बोट बड़े ताल की शोभा बढ़ाएगा। सेलिंग बोट का प्रदूषण रहित और पर्यावरण हितैषी होना इसे और खास बनाता है। महिलाओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बोट में क्रू कैप्टन एक महिला को बनाया गया है। पर्यटन निगम के प्रबंध संचालक एस विश्वनाथन ने कहा कि यह गर्व की बात है कि समुद्र में चलने वाली सेलिंग बोट अब भोपाल लेक में चलेगी। पर्यटकों को एक घंटे के टूर में वन विहार के आसपास के क्षेत्रों में भी यात्रा कराई जाएगी। पर्यटन निगम पर्यटकों को रोमांचक गतिविधियां से जोड़ने के लिए नित नए नवाचार कर रहा है। इसके तहत खंडवा में सैलानी आइलैंड में स्कूबा डाइविंग और केन व बेतवा नदी तथा जबलपुर के भेड़ाघाट में रिवर वाटर राफ्टिंग जैसी गतिविधियां भी प्रारंभ की जाएंगी।

## बीपीएड और एमपीएड में प्रवेश लेने हेतु अब दोबारा टेस्ट दे सकेंगे विद्यार्थी



**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ई-प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से यूजी-पीजी के साथ एनसीटीई के आठ कोर्स में दाखिले के लिए काउंसिलिंग करा रहा है। विभाग ने एक आदेश जारी करते हुए बीपीएड और एमपीएड कोर्स में प्रवेश बढ़ाने के लिए दोबारा फिजिकल टेस्ट की व्यवस्था की है, इसलिए अब दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के साथ कॉलेज लेवल काउंसिलिंग (सीएलसी) में भी विद्यार्थियों को आसानी से प्रवेश मिल सकेगा। बीपीएड और एमपीएड के प्रथम चरण की काउंसिलिंग में विद्यार्थी को एक बार फिजिकल टेस्ट देने पर प्राप्तांक के आधार पर उन्हें तीनों राउंड में प्रवेश दिए जाते थे। अब ऐसा नहीं होगा। अब वे दूसरे राउंड के अलावा सीएलसी में भी दोबारा टेस्ट देकर ज्यादा अंक हासिल कर प्रवेश ले सकेंगे। अभी तक प्रथम राउंड की काउंसिलिंग में मिले अंकों के आधार पर विद्यार्थियों की उन्हीं अंकों के आधार पर अन्य राउंड की काउसिंलिंग में भागीदारी करनी होती थी। जिनका पहले राउंड में प्रदर्शन अच्छा नहीं होता, वे पीछे रहने के कारण वे प्रवेश से वंचित रह जाते थे।उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों की समस्या को देखते हुए हरेक राउंड के हिसाब से फिजिकल टेस्ट कराने की व्यवस्था करने आदेश जारी कर दिए हैं। दूसरे राउंड में पीजी की सीटों पर दाखिले के लिए अब तक 5,999 पंजीयन हुए हैं। उच?च शिक्षा विभाग द्वारा 1,301 कॉलेजों के यूजी के प्रथम चरण के अलाटमेंट में 10,30,633 पर प्रवेश देना है। दो लाख 70 हजार आवंटन में अभी तक करीब साढ़े 35 हजार विद्यार्थियों के प्रवेश हुए हैं। वहीं दूसरे राउंड की काउंसलिंग में बीएड में प्रवेश लेने के लिए साढ़े 11 हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन करा लिया है। बीएड की दूसरे चरण की काउंसिलिंग में 842 बीएड कॉलेजों की 48 हजार 283 सीटों के लिए 11 हजार 491 छात्रों ने पंजीयन कराए हैं। वहीं नए व पुराने 20 हजार 131 विद्यार्थियों ने च्वॉइस फिलिंग कर 4 हजार 313 ने अपने दस्तावेजों के सत्यापन करा लिए हैं। द्वितीय चरण में 25 अगस्त तक पंजीयन होंगे। 26 अगस्त तक सत्यापन और बीपीएड एवं एमपीएड कोर्सों के लिए फिटनेस व प्रोफिसिएंसी टेस्ट 27 अगस्त तक होंगे। इसकी मेरिट लिस्ट 29 अगस्त और आवंटन लिस्ट 5 सितंबर को जारी होगी।

### आंकड़ों पर एक नजर

कॉलेजों की संख्या - 1301
कॉलेजों में यूजी-पीजी की सीटें-12,64,912
कॉलेजों में यूजी की सीटें - 10,30,633
यूजी में पंजीयन - 3,82,824
सीटों का आवंटन - 2,70,718
यूजी में प्रवेश - 63,177
कॉलेजों में पीजी की सीटें - 2,34,279
पीजी में नये पंजीयन-5,991
पीजी में प्रवेश -42,000

## 200 करोड़ की केरवा और हलाली जलप्रदाय योजनाओं को मिली मंजूरी



**भोपाल।** जल जीवन मिशन में अधिकारियों को मासिक लक्ष्य दिए जाएं और उन्हें पूरा न करने वाले या लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। टेंडर फाइनल होने के बाद भी जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य शुरू नहीं किए जा रहे हैं, उनके टेंडर निरस्त किए जाएं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री बृजेन्द्र सिंह ने प्रदेश में जल जीवन मिशन में हो रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि भोपाल जिले के लिए दो महती जलप्रदाय योजनाएं केरवा और हलाली स्वीकृत की गई हैं, इनमें आगे की कार्रवाई त्वरित की जाए। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन को पूरा करने की समय-सीमा को देखते हुए लक्ष्य काफी बड़ा है। यह तब ही पूरा किया जा सकेगा, जब कार्य में गति लाई जाए। भोपाल जिले की ग्रामीण आबादी के लिए 96 करोड़ 17 लाख र्स्पये लागत की केरवा योजना से 76 गांवों को और 99 करोड़ 17 लाख र्स्पये लागत की हलाली योजना से 61 गांवों को नल कनेक्शन से पेयजल प्रदाय किया जा सकेगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों में नल कनेक्शन से पेयजल प्रदाय के कार्य में गति आई है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को लक्ष्य देकर उनके अनुरूप उपलब्धि अर्जित करने के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन में जिले और विधानसभावार जानकारी शीघ्र तैयार कर उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि जनप्रतिनिधियों के पास उनके क्षेत्रों में बनाई जा रही जल संरचनाओं की पूरी जानकारी उपलब्ध रहे।

## गड्ढों में गिट्टी डाल हो रही सड़क मरम्मत की खानापूर्ति



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की फटकार के बाद राजधानी भोपाल की सड़कों की मरम्मत तो शुरू हुई लेकिन तीन-चार दिन बाद ही उन सड़कों में फिर गड्ढे उभर आए हैं। हैरत की बात तो यह है कि जिस तरह आनन-फानन लोक निर्माण विभाग (लोनिवि), राजधानी परियोजना प्रशासन (सीपीए) और नगर निगम ने जिन सड़कों का पैचवर्क कराया, उससे लग रहा था कि शहर को गड्ढों से मुक्ति मिल जाएगी लेकिन अब नई समस्या सामने खड़ी हो गई है। इन गड्ढों में भरी गई गिट्टी सड़क पर फैलने लगी है और लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। कई बार वाहनों के पहियों से गिट्टी उचटकर आसपास के लोगों को चोटिल कर रही है। सड़कों पर धूल के गुबार भी उड़ रहे हैं। होशंगाबाद रोड, कोलार और पुराने शहर में सड़कों के हाल ज्यादा बुरे हैं।

### यहां हालात खराब

बागसेवनिया थाने के सामने दो दिन पहले ही गड्ढों में गिट्टी भरी गई थी, जो फिर निकल आई है। वीर सावरकर सेतु से बावड़ियाकलां ब्रिज तक धूल के कारण राहगीर परेशान हैं। बीआरटीएस कॉरीडोर का साइकिल ट्रैक धूल से पट गया है। हमीदिया रोड स्थित अल्पना तिराहा वाली रोड हो या फिर करोंद, पिपलानी और अवधपुरी सभी जगह यही स्थिति है।

### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

इधर, मंगलवार को कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री व कांग्रेस विधायक पीसी शर्मा ने समर्थकों के साथ कोलार के मंदाकिनी चौराहा पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष कैलाश मिश्रा समेत कई कांग्रेसियों ने सड़क के मुद्दे पर सरकार को घेरा। कई कांग्रेसी हाथों में पोस्टर-बैनर और नारे लिखी तख्तियां लिए हुथे। तख्तियों में लिखा था- ये है अमेरिका से अच्छी सड़कें, बनाना था गड्ढे मुक्त, सड़कों को बना दिया गड्ढे युक्त। विधायक शर्मा ने कहा कि शहर की सड़कें उखड़ रही हैं। मरम्मत के नाम पर सिर्फ नौटंकी हुई है।

### 55 में से 23 सड़के परफार्मेंसगारंटीपीरियड में

यहां पर यह बता दें कि सीपीए की करीब 55 सड़कें शहर में है। इसमें से 23 से अधिक सड़के परफार्मेंस गारंटी पीरियड वाली हैं। इन सड़कों में से अधिकांश की स्थिति खराब है। बताया जा रहा है कि जो गारंटी पीरियड की सड़कें होती है, उसमें सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होती है। ऐसे में बजट के अभाव में संबंधित ठेकेदार से ही मरम्मत करने के लिए कहा जा रहा है। यही कारण है कि अब तक किसी भी ठेकेदार के खिलाफ जर्जर और घटिया निर्माण के मामले में कार्रवाई नहीं की गई।

## अभिभावक ने बाल आयोग में लगाई गुहार




**भोपाल।** कोरोनाकाल में निजी स्कूलों के खिलाफ फीस का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभिभावक आर्थिक रूप से परेशान हैं, जिससे वे पूरी फीस जमा नहीं कर पा रहे हैं। वहीं शासन ने कोरोनाकाल में निजी स्कूलों को सिर्फ शिक्षण शुल्क लेने के आदेश दिए हैं। इसके बावजूद ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां बच?चों को फीस जमा न करने पर ऑनलाइन पढ़ाई, परीक्षा से वंचित किया जा रहा है। बावड़िया कलां निवासी एक अभिभावक ने वर्ल्ड-वे इंटरनेशनल स्कूल के खिलाफ मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। अभिभावक ने शिकायती आवेदन में कहा है कि उनका बेटा दसवीं में है और बेटी पांचवीं में है। पिछले साल की पूरी फीस जमा कर दी है। इस सत्र में आर्थिक स्थिति ज्यादा खराब होने के कारण बच्चों की फीस नहीं भर पाया। स्कूल शिक्षण शुल्क के साथ अन्य शुल्क की मांग भी कर रहे हैं। इस कारण बेटे का रिजल्ट भी नहीं दिया और दोनों बच्चों को ऑनलाइन कक्षा से बाहर कर दिया है।

## कमल नाथ ने मध्य प्रदेश को संकट में डाला, ओबीसी की लड़ाई हर स्तर पर लड़ेंगे- मुख्यमंत्री शिवराज

**भोपाल।** कमल नाथ ने प्रदेश को संकट में डाल दिया। बिना किसी तैयारी के ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण का आदेश जारी कर दिया और मामला न्यायालय में गया तो पैरवी भी ठीक ढंग से नहीं की। हमारी सरकार पूरी तैयारी के साथ पिछड़ा वर्ग की लड़ाई लड़ेगी। सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता सहित कई नामी वकीलों से बात हुई है, वे उच्च न्यायालय में राज्य सरकार का पक्ष रखेंगे। वर्चुअल सुनवाई हुई तो वर्चुअल अन्यथा वे मध्य प्रदेश आकर न्यायालय में पिछडे वर्ग को 27 फीसद आरक्षण देने के पक्ष में दलील देंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में पिछड़े वर्ग को 27 फीसद आरक्षण दिए जाने के फैसले पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री ने पिछड़े वर्ग के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक अध्ययन करने के लिए अलग से आयोग बनाने की घोषणा की है, जिसकी रिपोर्ट आने पर पिछड़े वर्ग की कानूनी लड़ाई को और भी वैधानिक ढंग से लड़ा जा सकेगा। नई दिल्ली से लौटने के बाद नवदुनिया के साथ बातचीत में चौहान ने कहा कि कांग्रेस पिछड़े वर्ग के नाम पर सिर्फ राजनीति कर रही है। उसकी नियत साफ होती तो आज यह मसला कानूनी उलझन में नहीं फंसता। कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने पिछड़े वर्ग के साथ छल किया और सियासी लाभ उठाने की कोशिश की है। यदि वास्तव में पिछड़ा वर्ग को 27 फीसद आरक्षण देने की मंशा होती तो उच्च न्यायालय में महाधिवक्ता को खड़ा करते पर ऐसा कुछ नहीं किया। उनके अनुसार अब सिर्फ इस मामले में सियासत करके लोगों को गुमराह करने का काम किया जा रहा है पर प्रदेश की जनत समझदार है, वो सब जानती है। सरकार इस मामले को पूरी ताकत के साथ न सिर्फ न्यायालय में लड़ेगी बल्कि पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए उनकी सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का अध्ययन कराएगी। इसके लिए अलग से आयोग बनाया जाएगा। इसमें विशेषज्ञ पिछड़ा वर्ग से लोगों से ही फीडबैक लेकर अपनी अनुशंसाएं करेंगे, जिसके आधार पर सरकार योजनाएं बनाएगी। वहीं, पिछड़ा वर्ग को कांग्रेस द्वारा किए गए छल की जानकारी देने के लिए मंत्री, सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को पिछड़ा वर्ग से जुड़े 15 से ज्यादा संगठनों के प्रतिनिधियों से आरक्षण की स्थिति को लेकर चर्चा की और सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी।

# स्टेडियम में नहीं बनने देंगे मंगल भवन ना सामुदायिक भवन

## बघराजी के बुजुर्गों ने कसी कमर

## खेल मैदान को खेल मैदान रहने दिया जाए



**बघराजी।** ग्राम पंचायत बघराजी के महा नीमन स्टेडियम में ग्राम पंचायत सरपंच पति द्वारा स्टेडियम के अंदर मंगल भवन बनाने की पूर्ण तैयारी है खिलाडियों ग्राम पंचायत के बुजुर्गों ने इन्हें समझाने की काफी कोशिश की लेकिन इन लोगों को खेल मैदान और खेल की परिभाषा ही नहीं मालूम कि आदमी के जीवन में खेल स्टेडियम और खेल का कितना महत्व है इन लोगों को अपने व्यापार और रोजी-रोटी के अलावा और कुछ लेना देना नहीं होता इससे ग्राम के खिलाड़ियों एवं बुजुर्गों ने लगातार रोष बढ़ता जा रहा है इसको लेकर आज ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक के नाम पुलिस चौकी प्रभारी आरती मंडलोई को ज्ञापन सौंपा और कहां की स्टेडियम के अंदर खेल मैदानों के अलावा कोई भी भवन अब गांव के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे चाहे उसके लिए कोई भी कीमत को चुकानी पड़े लोक समझ चुके हैं की स्टेडियम खिलाड़ियों और आम आदमियों के जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है। जबलपुर जिले के ग्रामीण अंचल में एकमात्र इतना बड़ा इतना सुंदर स्टेडियम है जैसे खेल का भागने जिसे खेल विभाग ने 8 वर्ष पहले बनवाया था किंतु फिर विभाग द्वारा सुरक्षा गार्ड नहीं उपलब्ध कराए जाने से लोगों की मनमानी है इसकी देखभाल खिलाड़ी और क्षेत्र के बुजुर्ग युवा ही करते आ रहे हैं। स्टेडियम की बाउंड्री वॉल के अंदर की जमीन कुछ हिस्से की खेल मैदान के नाम से दर्ज है कुछ हिस्से की जमीन पोल्ट्री फार्म मध्य प्रदेश शासन के नाम से दर्ज जिससे आप सब लोग चाहते हैं। स्टेडियम जितना दिख रहा है । वह सारी जमीन खेल विभाग के नाम दर्ज हो इस मैदान में हायर बालक सेकेंडरी साला एवं हायर सेकेंडरी कन्या शाला के बच्चों के वार्षिक खेलकूद के आयोजन भी इसी मैदान पर होते हैं महिलाएं बच्चे शाम सुबह घूमने भी जाते हैं जिससे उनकी सेहत और स्वास्थ्य अच्छा रहेगा सभी को खेल मैदान का महत्व समझ आ चुका है कुछ गिने-चुने लोगों को छोड़कर सभी बुजुर्गों ने ज्ञापन देते हुए संकल्प लिया कि अब चाहे कुछ भी हो जाए मैदान के अंदर कोई भी भवन निर्माण कार्य नहीं करने देंगे । इस स्टेडियम के अंदर पहले से ही दो समुदायिक भवन पंचायत ने बनवा रखे हैं शासकीय नियमों के अनुसार वैसे भी एक ही मोहल्ले एक ही स्थान पर यह सारे भवन नहीं बनाए जा सकते हैं बघराजी कुंडम ग्राम पंचायत की सबसे बड़ी पंचायत है दूसरे वार्ड और मोहल्लों में भी सामुदायिक भवन मंगल भवन की आवश्यकता है वहां क्यों नहीं बनाती क्योंकि ज्यादातर इसमें व्यक्तिगत उपयोग किया जाता है । ज्ञापन सौंपने वालों में चंदू महाराज नारायण प्रसाद चनपुरिया राम कुमार सोनी शिक्षक सुकृत लाल पंडित राजा माल गुजार विश्वकर्मा शिक्षक एसपी विश्वकर्मा शिक्षक बैजनाथ विश्वकर्मा सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर हामिद मोहम्मद विपत लाल धनगर खान पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बघराजी सोनेलाल माझी महेंद्र विश्वकर्मा जीवन लाल साहू पंकज सोनी सुरेश विश्वकर्मा विश्वकर्मा मनमोहन विश्वकर्मा घनश्याम विश्वकर्मा सोनेलाल लाल विश्वकर्मा पंडित सुभाष दुबे छोटू बागरी मोहम्मद अकरम खान सतीश विश्वकर्मा राजू मुकेश विश्वकर्मा नामदेव सहित बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद थे।

# पमरे से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों के संचालन की अवधि में विस्तार

**जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली कई फेस्टिवल स्पेशल यात्री गाड़ियां चल रही है। यह फेस्टिवल स्पेशल गाड़ियां अपने निर्धारित दिन, ठहराव, समय सारणी और कंपोजीशन के अनुसार ही चलेंगी। ये फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मण्डलों के स्टेशनों से होकर गुजरेगी।**



**इन गाड़ियों का विवरण निम्नानुसार है**

1) गाड़ी संख्या 09271/09272 बांद्रा टर्मिनस-पटना-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 09271 बांद्रा टर्मिनस से पटना साप्ताहिक (सोमवार) ट्रेन को 6.09.2021 से अगले आदेश तक वापसी में गाड़ी संख्या 09272 पटना से बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक (बुधवार) ट्रेन को 8.09.2021 से अगले आदेश तक के लिए विस्तारित करते हुए पमरे के इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं सतना से गुजरेगी।

2) गाड़ी संख्या 02913/02914 बांद्रा टर्मिनस-सहरसा-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन - गाड़ी संख्या 02913 बांद्रा टर्मिनस से सहरसा साप्ताहिक (रविवार) ट्रेन को 5.09.2021 से अगले आदेश तक वापसी में गाड़ी संख्या 02914 सहरसा से बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक (मंगलवार) ट्रेन को 7.09.2021 से अगले आदेश तक के लिए विस्तारित करते हुए पमरे इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से गुजरेगी।

3) गाड़ी संख्या 09057/09058 उधना-मंडुहाडीह-उधना साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 09057 उधना से मंडुहाडीह साप्ताहिक (शुक्रवार) ट्रेन को 3.09.2021 से अगले आदेश तक वापसी में गा?ी संख्या 09058 मंडुहाडीह से उधना साप्ताहिक (रविवार) ट्रेन को 5.09.2021 से अगले आदेश तक के लिए विस्तारित करते हुए पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से गुजरेगी।

4) गाड़ी संख्या 09313/09314 इंदौर-पटना-इंदौर द्वि-साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 09313 इंदौर से पटना द्वि-साप्ताहिक (सोमवार, बुधवार) ट्रेन को 1.09.2021 से अगके आदेश तक वापसी में गाड़ी संख्या 09314 पटना से इंदौर द्वि-साप्ताहिक (बुधवार, शुक्रवार) ट्रेन को 3.09.2021 से अगके आदेश तक के लिए विस्तारित करते हुए पमरे के संत हिरदाराम नगर एवं बीना स्टेशनों से गुजरेगी।

5) गाड़ी संख्या 09321/09422 इंदौर-पटना-इंदौर साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 09321 इंदौर से पटना साप्ताहिक (शनिवार) ट्रेन को 04.09.2021 से अगले आदेश तक वापसी में गाड़ी संख्या 09322 पटना से इंदौर साप्ताहिक (सोमवार) ट्रेन को 06.09.2021 से अगले आदेश तक के लिए विस्तारित करते हुए पमरे के संत हिरदाराम नगर एवं बीना स्टेशनों से गुजरेगी ।

6) गाड़ी संख्या 09017/09018 बांद्रा टर्मिनस-हरिद्वार-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 09017 बांद्रा टर्मिनस से हरिद्वार साप्ताहिक (बुधवार) ट्रेन को 01.09.2021 से अगले आदेश तक वापसी में गा?ी संख्या 09018 हरिद्वार से बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक (गुरुवार) ट्रेन को 02.09.2021से अगले आदेश तक के लिए विस्तारित करते हुए पमरे के भवानीमंडी, रामगंजमंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुरसिटी, हिण्डौनसिटी एवं भरतपुर के स्टेशनों से गुजरेगी।

7) गाड़ी संख्या 09451/09452 गांधीधाम-भागलपुर-गांधीधाम साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 09451 गांधीधाम से भागलपुर साप्ताहिक (शुक्रवार) ट्रेन को 03.09.2021 से अगले आदेश तक वापसी में गाड़ी संख्या 09452 भागलपुर से गांधीधाम साप्ताहिक (सोमवार) ट्रेन को 06.09.2021 से अगले आदेश तक के लिए विस्तारित करते हुए पमरे के भवानीमंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुरसिटी, हिण्डौनसिटी, बयाना एवं भरतपुर स्टेशनों से गुजरेगी।

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यह गाड़िया पूर्णतः आरक्षित है, अतः इनमें कंफर्म टिकतधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है। इस ट्रेन में चलने वाले यात्रियों को यात्रा के दौरान कोविड-19 संक्रमण से सम्बंधित सरकार द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# गोटेगांव में बिजली की आंख मिचौली जारी

**गोटेगांव।** नगर में स्टेशन की पीछे स्थित गोटेगांव खेड़ा पटेल वार्ड में इन दिनों बिजली की आंख मिचौली करीब 1 माह से ज्यादा समय से जारी है यहां के जवाबदार अधिकारी अपने कर्तव्य से कन्नी काटते नजर आ रहे हैं सरकार ऐसे अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा वेतन देकर तानाशाह बना रही है ऐसा ही वाकया गोटेगांव के पटेल वार्ड गोटेगांव खेड़ा में विगत 1 माह से ज्यादा अरसा बीत जाने के बाद भी यहां की बिजली की व्यवस्था अभी नहीं सुधर पाई है यहां यह स्मरण हो कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा मध्य प्रदेश की जनता को बिजली की सुलभता उपलब्ध कराने के नाम पर सिर्फ थोथी घोषणाएं की जा रही है शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग के आला अफसर से लेकर कर्मचारियों के कान में जूं भी नहीं नैंसी लिहाजा पटेल वार्ड के निवासी बिजली कटौती से बेहद परेशान है जहां एक और बिजली विभाग मनमाने बिल नगर की जनता से वसूल कर रहा है वही उनको बिजली देने में उपेक्षा बरत रहा है।पटेल वार्ड वासी इन दिनों बिजली विभाग की तानाशाही रवैया।के शिकारजमकर हो रहे हैं।एक ओर जहां बरसात नहीं होने से परेशान है वहीं बिजली विभाग की तानाशाही नगर के पटेल वार्ड।में चर्चा का विषय बनी है।

# व्यापारी संघ ने थाना प्रभारी के नाम सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** लगातार चोरी व लूटपाट की बढ़ती घटनाएं समस्या बनती जा रही है। दुकानों में आए हुए ग्राहकों की लगातार साइकिल पलक झपकते गायब हो जाती हैं, दुकानों के बल्ब चोरी हो जाते हैं। आज इसी संदर्भ में व्यापारी संघ ने ज्ञापन भी सौंपा है। गस्त का सही ढंग से पालन नहीं किया जा रहा। सब इंस्पेक्टर रजनीश मिश्र वहां मौके पर पहुंचे और व्यापारी संघ का ज्ञापन स्वीकार किया मौके पर अध्यक्ष धनंजय वाजपेई, शशांक बर्मन, चमनलाल चढ़ार, विकास गुप्ता, गौरीशंकर, राम, रमेश कोहली, वैभव कोहली, विजय साहू, जय नारायण साहू, विवेक गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# विभागीय आदेशों के तहत उलझ कर रह गये शिक्षक

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल, जिला षिक्षा केन्द्र और बी.आर.सी कार्यालयों एंव अन्य वरिष्ठ कार्यालयों के आदेशों के तहत शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के कार्य देकर उलझा दिया गया है जिस वजह से शिक्षक मानसिक रूप से हैरान ,परेशान हैं । शिक्षक किसी भी शासकीय आदेशों का पालन गंभीरता और ईमानदारी से करते हैं परंतु इसका ये मतलब नहीं है कि सिर्फ शिक्षा विभाग में ही नित नये प्रयोगों को आजमाने हेतु नये नये आदेश जारी कर शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाए। यही वजह है कि शिक्षकों में रोष व्याप्त है। संघ ने बताया कि एक तरफ राज्य षिक्षा केन्द्र के आदेषों के तहत बी.आर.सी कार्यालय द्वारा आदेशित कर शिक्षकों को शाला त्यागी बच्चों की जानकारी एकत्र करने का कार्य सौंपा गया जिसमें शिक्षकों को बच्चों की जानकारी हेतु प्रायवेट स्कूलों एवं बच्चों के निवास स्थानों के चक्कर काट कर जानकारी एकत्र करना पड़ रहा है जिसमें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हमारा घर हमारा विद्यालय के अन्तर्गत शिक्षक घर-घर संपर्क कर बच्चों को फीडबैक दे रहे हैं एवं डी.जी.लैप से संबधित जानकारी देना और उसका रिकार्ड रखना ऐसी तमाम जानकारी शिक्षक एकत्रित कर रहे हैं। वहीं जो शिक्षक ये सभी कार्य कर रहे हैं उन्हे बी.एल.ओ भी बना दिया गया है और साथ ही गरीबी रेखा से नीचे के बच्चों का प्रायवेट स्कूलों में एडमीशन हेतु नोडल अधिकारी भी बनाया गया है। यह प्रक्रिया निरंतर प्रतिवर्ष जारी रहती है और बाद में कहा जाता है कि शिक्षक अपने कार्यो को अन्जाम नहीं दे रहे। ऐसे ही वैक्सीनेशन सेंटरों पर लगातार एक ही शिक्षकों को लगा दिया जाता है वहीं दूसरे विभाग के कर्मचारियों को कार्यमुक्त रखा जाता है।संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, दिनेश गौड़, स्टेनली नॉबर्ट, हेमंत ठाकरे, एनोस विक्टर, आषा राम झारिया, विनोद सिंह, आदि ने शिक्षाविभाग के आलाअधिकारियों से मांग की है कि शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के आदेशों में न उलझा कर एक समय में एक ही आदेश के तहत कार्य लिया जाए।

# 18 को राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह जी का बलिदान दिवस मनाएगी महाकोशल राष्ट्रीय पार्टी

**जबलपुर ।** महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सतीश नाग ने बताया कि आगामी 18 सितंबर 2021 स्वतंत्रता संग्राम के समय राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह जी का बलिदान दिवस हमारी पार्टी सम्मान के साथ जबलपुर में मनाएगी आज पार्टी का विस्तार किया गया और अच्छे पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी जनों का अच्छा काम था उनको पदोन्नति की जा रही है कुछ नए कार्यकर्ता जोड़े जा रहे हैं और आगामी रणनीति के तहत जल जंगल जमीन गांव गरीब किसान और प्रदेश में जो अराजकता आए दिन सामूहिक बलात्कार लूटपाट और भ्रष्टाचार फैला हुआ है उसके जन जागरण के लिए महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी का मध्य प्रदेश के सभी जिलों में रैली करके सबको जागरूकता के द्वारा अवगत कराएगी महाकौशल को अलग राज्य बनाना है18 सितम्बर को महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी रैली का बृहद शंखनाद अमर शहीद श्री शंकर शाह रघुनाथ शाह के प्रतिमा स्थल से प्रारंभ होगी और यहां से पूरे महाकौशल में जन जन तक



हमारी सोच और हमारी जागरूक पार्टी की टीम पुनः आमजन को सम्मान और स्वाभिमान दोनों बनाए रखने में अपना जीवन समर्पित कर देगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इन्द्र कुमार कुलस्ते, राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आशीष शुक्ला, राष्ट्रीय महासचिव एवं युवा मोर्चा प्रभारी आशीष त्रिपाठी सन्यासी, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुमित तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा मध्य प्रदेश डाक्टर बलवंत सिंह डेहरिया, संभागीय अध्यक्ष रत्नेश दुबे, संभागीय अध्यक्ष युवा मोर्चा प्रतीक साहू, संभागीय संगठन मंत्री एवं आईटी प्रभारी मध्य प्रदेश मंगन सखावत खान, जिलाध्यक्ष जबलपुर प्रमोद सेन, नगर अध्यक्ष आकाश, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष युवा मोर्चा यशवर्धन मिश्रा, नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा अर्पित तिवारी आदि समस्त कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# त्यौहारों पर चार स्पेशल गाड़ियों में अतिरिक्त कोच

**जबलपुर यश भारत।** त्यौहारों पर गाड़ियों में प्रतीक्षा सूची धारकों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण हमेशा ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में त्यौहारों पर प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 02134 जबलपुर से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन में 27.08.2021को 01 शयनयान श्रेणी और गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर से कोयम्बटूर स्पेशल ट्रेन में 27.08.2021 को 02 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01754 रीवा से इतवारी स्पेशल ट्रेन में 25.08.2021 को 02 शयनयान श्रेणी और गाड़ी संख्या 02186 रीवा से हबीबगंज स्पेशल ट्रेन में 24.08.2021 से 28.08.2021 तक 01 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यह गाड़ी पूर्णतः आरक्षित है अतः इनमें कंफर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है यात्रा के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का कृपया पूरी तरह पालन करें।

## अमरकंटक व संतरागाछी स्पेशल में शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगेगा

जबलपुर यश भारत। गाड़ियों में प्रतीक्षा सूची धारकों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण हमेशा ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। इसी श्रृंखला में त्योहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 02157 हबीबगंज से संतरागाछी हमसफर स्पेशल ट्रेन में 25.08.2021 को 01 शयनयान श्रेणी और गाड़ी संख्या 02854 भोपाल से दुर्ग अमरकंटक स्पेशल ट्रेन में 25.08.2021 को 01 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है।

# आरोपों की झड़ी सीसीएफ पर पड़ी !

शहडोल। संभागीय वन विभाग अपने अच्छे कामों के विपरीत ही वर्तमान में भ्रष्टाचार, अनियमितता, आरोप-प्रत्यारोप और उसके खुलासे एवं जांच के लिए आम और खास के बीच चर्चाओं का केंद्र बिंदु बना हुआ है। बता दें कि, आरोप-प्रत्यारोप के केंद्र बिंदु में वन वृत्त शहडोल एवं मुख्य वन संरक्षक पी के वर्मा नजर आ रहे हैं।

सूत्रों की माने तो, मुख्य वन संरक्षक श्री वर्मा द्वारा अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रताड़ित किये जाने से लेकर अन्य कई गंभीर आरोप भी लगाये गये हैं। शिकायत कर्ताओं ने प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) एवं प्रबंध संचालक (मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज) आदि को बिंदुवार कई बड़े और गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल पीके वर्मा के खिलाफ शिकायत की है।

**स्थानांतरण प्रस्ताव की कराई जाए जांच**

उक्त शिकायत पत्र में मुख्य वन संरक्षक श्री वर्मा पर अपने पद का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार व अधीनस्थों को प्रताड़ित करने की बात उल्लेखित की गई है। साथ ही मध्यप्रदेश शासन व वन विभाग के आदेशों की अवहेलना करते हुए, उप वन क्षेत्राधिकारी को अपने मन संसार वन परीक्षेत्र अधिकारी के रूप में कार्य करने के आदेश जारी करना शामिल है। जिसमें कई उप वन परिक्षेत्राधिकारी जिन्हें, प्रभारी वन परिक्षेत्राधिकारी की कमान सौंपी गई है, के नामों को भी स्पष्ट रूप से लिखा गया है। शिकायत में पी के वर्मा द्वारा वर्ष 2021 में स्थानांतरण नीति के तहत अनुमोदन कराए गए, स्थानांतरण प्रस्ताव की जांच कराए जाने की बात कही गयी है।

**दो कर्मचारियों को बताया जा रहा सलाहकार**

शिकायत के बिंदु को यदि ध्यान से देखा जाए तो प्रशासनिक कार्यशैली से लेकर साहब के बंगले और यात्राओं तक में गड़बड़ी के आरोप लगाए गए हैं। जिसमें से एक बिंदु राजेश द्विवेदी लेखापाल व्यय प्रभारी एवं भगत सिंह सहायक ग्रेड 2 को सीसीएफ द्वारा अपना सलाहकार नियुक्त कर रखने की बात कही गई है। बताया गया है कि, उक्त दोनों कर्मचारी लगभग 25 वर्षों से दक्षिण वन मंडल में कार्यरत हैं तथा वर्तमान में दोनों वन वृत्त शहडोल में पदस्थ हैं। शिकायत पत्र की माने तो इनके द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों से धन उगाही कर सीसीएफ को दिया जाता है।

**सीसीटीवी फुटेज से खुल सकते हैं कई राज**

शिकायत के अनुसार 9 जून से 29 जून तक सीसीएफ पी के वर्मा भोपाल में थे। लेकिन, इसी बीच साहब की टूर डायरी में भोपाल से शहडोल आना बताया गया है? भोपाल प्रवास के दौरान 3 वाहन और 7 से अधिक दैनिक वेतन भोगी व स्थाई कर्मी भी साहब की सेवा में रहे। इस विषय में आरोप लगाते हुए, साहब के बंगले में मौजूद सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखकर मामले की जांच किए जाने की बात कही गई है। सीसीएफ पी के वर्मा से उनकी प्रतिक्रिया वा उनका कथन जानने के लिए मोबाइल पर संपर्क किया गया लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

# आज से दो दिवसीय महा वेक्सीनेशन अभियान




**सिहोरा ।** प्रदेश स्तर पर 25 एव 26 अगस्त को आयोजित वैक्सीनेशन महा-अभियान मे विकाखण्ड के 34 टीकाकरण केन्द्रों मे 7 हजार लोगो को सुरक्षा कवच लगाया जाएगा. सरकार 25-26 अगस्त को यह महा-अभियान छेड़ेगी. इस अभियान में सरकार दो दिनों तक अधिक से अधिक लोगो को वैक्सीन लगाएगी. जिसने वैक्सीन नहीं लगवाई है वह महा-अभियान के तहत आसानी से वैक्सीनेशन करा सकता है. सरकार हर स्तर पर वैक्सीन सेंटर बनाकर सभी को टीके लगाएगी । विकासखण्ड

## 34 टीकाकरण केन्द्र बनाये गये

स्वास्थ्य अधिकारी डा. आर पी त्रिपाठी ने बताया की महाअभियान को सफल बनाने नगरपालिका क्षेत्र मे 13 सहित विकासखण्ड में कुल 34 टीकाकरण केन्द्र बनाये गये है ।

**जागरूकता रैली का आयोजन**

बड़े पैमाने पर जन-जागृति के उद्देश्य से मीडिया के सभी माध्यमों से टीकों के लाभ, दूसरी डोज की अनिवार्यता एवं उपयोगिता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने नगर मे जागरूकता रैली के आयोजन के अलावा डोर टु डोर सर्वे कराया गया है। जागरूकता रैली के दौरान एस डी एम आशीष पाण्डे ने कहा की समस्त धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, शासकीय, अशासकीय, स्वयंसेवी संगठनों आदि के सहयोग से टीकाकरण के पक्ष में वातावरण निर्मित किया जाएगा। टीकाकरण के प्रति उदासीनता का भाव देखा जा रहा है जिसे जागरूकता के माध्यम से दूर किया जायेगा।

# अवैध खनिज(रेत) से भरे ट्रैक्टर को किया जप्त

**बुढार ।** थाना जैतपुर क्षेत्रांतर्गत मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम पडमनिया कसेड नदी से एक बिना नम्बर का लाल रंग मैसी फर्मीशन कम्पनी के ट्रैक्टर में अवैध रेत लोड कर ले जा रहा है। जैतपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर देखा तो एक बिना नम्बर का लाल रंग मैसी फर्मीशन कम्पनी के ट्रैक्टर ट्रॉली में अवैध रेत लोड कर ले जा रहा था। ट्रैक्टर चालक पुलिस को आता देख अंधेरा का फायदा उठाकर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। जिस पर जैतपुर पुलिस द्वारा रेत लोड ट्रैक्टर को थाना परिसर सुरक्षार्थ खडा किया गया। आरोपी चालक एवं वाहन मालिक के विरुद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जैतपुर के नेतृत्व में प्र0आर0 अशोक वर्मा, आर0 निर्मल मिश्रा, जयेन्द्र रावत, नरेन्द्र सिहं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एचडीएफसी ने 3.4 तिमाहियों में क्रेडिट कार्ड बाजार में हिस्सेदारी का लक्ष्य तय किया

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंकए भारत के सबसे बडे क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता ने आज घोषणा की कि वह फरवरी 2022 से हर महीने अपने पोर्टफोलियो में पांच लाख नए क्रेडिट कार्ड जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इस लक्ष्य को हासिल कर एचडीएफसी बैंक अगले 9 से 12 महीनों में भारतीय क्रेडिट कार्ड बिजनेस में अपनी बाजार हिस्सेदारी को फिर से प्राप्त कर शिखर पर होगा।एचडीएफसी बैंक अगले 6 से 9 महीनों के अंदर नए क्रेडिट कार्ड जारी करने की गति ब?ाने के लिए 20 से अधिक नई पहलों की शुरूआत करेगा। इन दौरान कई नए को.ब्रांडेड काड्र्स को जारी किया जाएगाए जिनमें भारतीय कॉर्पोरेट जगत की जानी मानी कंपनियां शामिल होंगी जो कि फार्मा, ट्रैवल, एफएमसीजी, हॉस्पिटैलिटी, टेलीकॉम और फिनटेक तक बिजनेस में कार्यरत हैं और एक ब?ा ग्राहक आधार रखती हैं। बैंक ने पिछले 9 महीनों में अपने कार्ड की मौजूदा रेंज में भी काफी विस्तार किया है और इस दौरान नई कंपनियों के साथ रणनीतिक साझेदारी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।



क्रेडिट कार्ड उत्पादों की नई और पहले से विस्तृत और बेहतर रेंज के साथ ब? पैमाने पर बाजार से लेकर अल्ट्रा.प्रीमियम सेगमेंट तक सभी के लिए कुछ न कुछ होगा। ग्राहकों के लिए उनकी उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार उत्पाद उपलब्ध होंगे।श्री पराग राव ग्रुप हेड. पेमेंट्स, कंज्यूमर फाइनेंस, डिजिटल बैंकिंग एंड आईटी, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि पिछले कुछ महीने भविष्य के लिए खुद को तैयार करने में बिताए गए हैं। जब नियामक द्वारा कई तरह के प्रतिबंध लागू थेए तो हमने एक नई रणनीति तैयार करने के लिए उस समय का सही उपयोग किया। हमारी नई पेशकशों के साथ.साथ हमारे मौजूदा कार्ड की रेंज के साथए हम अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने और ष्एक धमाके के साथ वापस आने के लिए पूरी तरह से आश्वस्त हैं।

एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड जारी करने और नए ग्राहक अधिग्रहण करने वाले व्यवसायों दोनों में एक मजबूत हिस्सेदारी के साथ पेमेंट ईकोसिस्टम में अग्रणी खिलाडी है। बैंक देश का सबसे बडा क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता है।

## सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# परफेक्ट ब्राइड लुक के लिए राइट हो आपका ड्रेसअप



आपकी शादी की डेट नजदीक है, तो आप शादी की तैयारी कर रही होंगी। इसमें सबसे पहले आप अपने कपड़ों की शॉपिंग करती हैं। अगर आपने अभी तक अपना ब्राइडल लंहगा नहीं लिया है तो हम आपको कुछ लेटेस्ट ट्रेंड के बारे में बता रहे हैं, जिसे पहनकर आपको परफेक्ट ब्राइडल लुक मिलेगा।

**लाल जड़ाऊ लहंगा**

लाल जड़ाऊ लहंगा इन दिनों काफी ट्रेंड में है। नेहा कक्कड़ ने भी अपनी शादी पर यही लहंगा पहना था। इसमें आपको परफेक्ट ब्राइडल लुक मिलेगा। इसके साथ आप नेहा कक्कड़ की तरह ही कुंदन रानी हार, इसके मैचिंग के झुमके, नथ और हाथों में लाल चूड़ा पहन सकती हैं। इसमें अपना मेकअप लाइट ही रखें।

**ब्लश पिंक लहंगा**

अगर आपको पिंक कलर पसंद है, तो आप अपनी शादी के लिए ब्लश पिंक कलर का लहंगा सेलेक्ट कर सकती हैं। इसके साथ अपने ब्राइडल लुक को कंप्लीट करने के लिए आप स्टेटमेंट चोकर, लंबे झुमके, कुंदन मांग टीका और सिंदूरी लाल चूड़ा टीमअप कर सकती हैं। इसमें आपको मनचाहा लुक मिलेगा। आप काफी खूबसूरत नजर आएंगी।

**वाइट प्रिंसेस लहंगा**

अगर आप अपनी शादी में कुछ डिफरेंट ट्राई करना चाहती हैं तो वाइट प्रिंसेस लहंगा पहन सकती हैं। इसमें अपने लहंगे से मैच करती चोली टीमअप करें। इसके साथ आप डायमंड पन्ना चोकर, मैचिंग ईयरिंग्स पहन सकती हैं। आप इसमें डार्क मेकअप कर सकती हैं। चाहें तो न्यूड मेकअप भी कर सकती हैं।


**ग्रीन एंब्रायडरी लहंगा**

इन दिनों ग्रीन कलर काफी ट्रेंड में है। आप चाहें तो अपनी शादी के दिन इसे पहन सकती हैं। इसमें आपको एकदम डिफरेंट लुक मिलेगा। इसके साथ आप कुंदन का एक कंप्लीट सेट टीमअप कर सकती हैं। यह दिखने में काफी खूबसूरत लगता है।

**ऐसी हो ब्राइड एसेसीरिज**

इन दिनों मल्टी फिंगर रिंग काफी ट्रेंड में है। आप इसे लहंगा, साड़ी और गाउन सभी तरह के आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। नेकपीस में आप पोल्की चोकर नेकलेस ट्राई कर सकती हैं। यह काफी हैवी होते हैं, जो आपको परफेक्ट ब्राइडल लुक देता है। आप इसे लंहगा, साड़ी के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा डबल लेयर झुमके भी ब्राइडल एसेसीरिज ट्रेंड में है।

# ब्राइडल मेकअप
## पाएं मनचाहा ब्राइड लुक



शादी के दिन ब्राइड अपना मेकअप खुद से नहीं करती हैं। वह किसी ब्यूटीशियन से ही मेकअप करवाती हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आपको ब्राइड मेकअप को लेकर समझ नहीं होनी चाहिए। आपको तभी भी ब्राइड मेकअप को लेकर कॉन्शस होने की जरूरत है। आपको इसके लेटेस्ट ट्रेंड के बारे में जानकारी होनी जरूरी है।

**स्किन को करें तैयार**

मेकअप शुरू करने से पहले स्किन को तैयार करना जरूरी होता है। इसके लिए आप स्किन की क्लींजिंग, टोनिंग करें। सर्दियों में स्किन ड्राय हो जाती है, इसलिए हाइड्रेटिंग-एल्कोहल फ्री क्लींजर-टोनर का इस्तेमाल करें।

**मेकअप के लिए बेस बनाएं**

ब्राइडल मेकअप के लिए बेस बनाना बहुत जरूरी होता है। मेकअप का बेस जितना सही होता है, मेकअप उतना ही खूबसूरत-नेचुरल दिखता है। इसके लिए फाउंडेशन, कंसीलर का यूज किया जाता है। आप अपनी स्किन टोन से एक शेड लाइट फाउंडेशन लगाएं।

**आईज मेकअप**

इन दिनों कॉन्ट्रास आई मेकअप काफी ट्रेंड में है। अगर आप रेड कलर का ब्राइड ड्रेस पहन रही हैं, तो ग्रीन, ब्लैक आईलुक क्रिएट कर सकती है। अगर आप रेड आईशैडो चाहती हैं तो इसे ग्रीन, ब्ल्यू कलर के साथ कॉम्पेक्ट कर सकती हैं। आप ग्लिटर, शिमर से अपना आई मेकअप कर सकती हैं। यह ब्राइड के लिए काफी अच्छा होता है। इसके अलावा हाईलाइटिंग, कलर आईलाइनर अप्लाई कर सकती हैं।

**लिप मेकअप**

इन दिनों ब्राइड न्यूड लिप मेकअप को पसंद कर रही हैं। आप न्यूड शेड की लिपस्टिक लगाएं। ड्रेस से मैच करते लिपस्टि को अवॉयड करें।

इन दिनों देश में कोरोना वायरस काफी तेजी से फैल रहा है। ऐसे में लोगों से दूरी बनाये रखना ही एक ऑप्शन है। लेकिन अगर आपके घर में किसी की शादी है, तो आपको कोरोना वायरस फैलने का डर भी होगा। क्योंकि इसमें **आपके घर पर सभी नाते-रिश्तेदार आएंगे, ऐसे में आप कैसे एहतियात** बरतना थोड़ा मुश्किल होता है। लेकिन हम आपको कुछ ऐसे वैडिंग आइडियाज बता रहे हैं, जिससे आप धूमधाम से शादी होगी और आप सभी वायरस से भी बचे रहेंगे।

# बदलिए अपना वैडिंग सेलिब्रेशन का अंदाज

**वर्चुएल वेडिंग कार्ड भेजें**

कोरोना वायरस से पहले जब किसी की शादी होती थी तो सभी अपने फ्रेंड्स, रिलेटिव्स को इंवाइट करने के लिए उनके घर जाते थे। उन्हें वेडिंग कार्ड देकर इंवाइट करते थे। लेकिन कोरोना वायरस के इस दौर में एक-दूसरे के घर जाना सेफ नहीं है। इसके लिए आप वर्चुएल वेडिंग कार्ड भेजने का ऑप्शन अडॉप्ट कर सकते हैं। आप सोशल मीडिया पर अपने फ्रेंड्स, रिलेटिव्स को वर्चुएल वेडिंग कार्ड भेजकर, उन्हें शादी में शामिल होने के लिए कह सकते हैं। इसमें आप कोरोना से बचेंगे, आपके समय और पैसों की भी बचत होगी।

**क्लोज फ्रेंड्स-रिलेटिव्स को करें इंवाइट**

पहले भले ही आप अपने पड़ोसियों,





सभी नाते-रिश्तेदारों और ऑफिस-कॉलेज के सभी दोस्तों को शादी में आने के लिए इंवाइट करते थे। लेकिन अब समय बदल गया है, अब कोराना वायरस से बचने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का होना बहुत जरूरी है। सोशल डिस्टेंसिंग तभी संभव है, जब शादी में कम ही लोग शामिल होंगे। इसलिए आप शादी में सिर्फ अपने क्लोज फ्रेंड्स, रिलेटिव्स को ही शामिल करें। शादी हॉल में ज्यादा लोगों की भीड़ जमा न होने दें।

*अपने सारे गेस्ट को मास्क लगाकर ही रहने को कहें। इससे आप खुद सुरक्षित रहेंगे, अपने परिवार और नाते-रिश्तेदारों को भी सुरक्षित रख पाएंगे। आप वैडिंग हॉल में आने वाले सभी गेस्ट, कैटरिंग वालों से मास्क लगाने को कहें।*



**कंपलसरी करें मास्क**

मास्क कोरोना वायरस की चैन टोड़ने का काम करता है। कोरोना वायरस से बचने का मास्क ही एक जरिया है। इसलिए शादी में मास्क पहनना कंपलसरी करें। बिना मास्क के किसी को भी वेडिंग हॉल में एंट्री न दें। वेडिंग हॉल के एंट्री गेट पर सिक्योरिटी गार्ड को खड़े होने को कहें। उसे सभी पर नजर रखने को कहें। इन दिनों 'लड़की वाली की तरफसे', 'लड़के वाले के तरफ से' ऐसे कोट्स लिखे मास्क भी मार्केट में मिल रहें है। अगर कोई मास्क पहनकर नहीं आए तो आप उन्हें ये मास्क दे सकते हैं। साथ ही अपने सारे गेस्ट को मास्क लगाकर ही रहने को कहें। इससे आप खुद सुरक्षित रहेंगे, अपने परिवार और नाते-रिश्तेदारों को भी सुरक्षित रख पाएंगे।

आप वैडिंग हॉल में आने वाले सभी गेस्ट, कैटरिंग वालों से मास्क लगाने को कहें। उनके हाथों को सैनिटाइज करवाएं। वैडिंग हॉल में एंट्री लेते समय सभी का टैंप्रचर, ऑक्सीजन लेवल चैक करवाएं। इस आइडिया से शादी करेंगे तो आप कोरोना वायरस की चैन को आगे बढ़ने से रोक सकते हैं।

## सैनिटाइजेशन एरेंजमेंट

कोरोना वायरस से बचने के लिए डॉक्टर बार-बार हाथों को सैनेटाइज करने की सलाह




देते हैं। आप भी बाहर से आकर अपने हाथों को सैनेटाइज करते हैं। ऐसे में वेडिंग हॉल में भी सैनेटाइजेशन की व्यवस्था जरूर करवाएं। वेडिंग हॉल के वेलकम गेट पर सैनिटाइजर प्वाइंट बनवाइए। जब भी कोई वेडिंग हॉल में एंट्री करें, तो उनके हाथों को अच्छे से सैनिटाइज करवाएं। इससे काफी हद तक कोरोना वायरस से बचा जा सकता है।




# न्यू वैड कपल बेडरूम, अंदाज हो रोमांटिक

शादी हर लड़के-लड़की के जीवन का एक बहुत खास लम्हा होता है। इस दिन के लिए वे कई सपने देखते हैं। अगर आपकी शादी होने वाली है या अभी हाल ही में हुई है तो आप भी अपने बेडरूम इंटीरियर को लेकर सबसे ज्यादा






एक्साइटेड होंगी। अगर आपके बेडरूम का लुक आपके अकॉर्डिंग नहीं है, तो आप इसे चेंज भी कर सकती हैं। जिससे आपके बेडरूम का इंटीरियर एकदम रोमांटिक, अट्रैक्टिव नजर आए।

**नाम के इनिशियल**

आप अपने बेडरूम के वॉल पर अपना, अपने पार्टनर के नाम के इनिशियल लगवा सकती हैं। आप चाहें तो कुछ लव कोट्स, आप दोनों के यादगार मूमेंट्स वॉल पर लिखवा सकती हैं। अपनी फीलिंग्स भी उसमें लिख सकती हैं। इससे आपके बेडरूम को रोमांटिक लुक मिलेगा। आप जब भी अपने बेडरूम में जाएंगी, तो आपको प्यार का अहसास होगा। आपके फेस पर एक प्यारी सी स्माइल आएगी। इससे आप दोनों से रिश्ते में हमेशा फ्रेशनेस बनी रहेगी। आपके पार्टनर को भी बेडरूम का यह लुक काफी पसंद आएगा।

**वॉल स्टिकर्स**

आप अपने बेडरूम में एक साइड वॉल को कुछ वॉल स्टिकर्स से भी डेकोरेट कर सकती हैं। इसमें आप रेडिमेड रोमांटिक, लव वॉल स्टिकर्स लगा सकती हैं। आप चाहें तो कुछ क्राफ्ट की हेल्प से भी स्टिकर्स क्रिएट कर सकती हैं। इससे आपका बेडरूम लुक कंप्लीट हो जाएगा। इसके बाद आपको बेडरूम सजाने के लिए ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी पड़ेगी। आपका यह अंदाज आपके पार्टनर को भी बहुत पसंद आएगा। इससे आप दोनों के बीच प्यार हमेशा बना रहेगा।

**कलर स्कीम**

आपकी नई-नई शादी हुई है, आप अपने बेडरूम को सिंपल और एकदम अलग बनाना चाहती हैं तो इसके लिए कलर स्कीम पर खास ध्यान दें। आप अपने को बेडरूम व्हाइट कलर से डेकोरेट कर सकती हैं। इससे बेडरूम को एलीगेंट लुक मिलेगा। अगर आप रोमांटिक लुक देना चाहती हैं, तो इसके लिए रेड कलर का इस्तेमाल कर सकती हैं। बेडरूम में कलर स्कीम रखने से सुकून मिलता है, पाटनर्स के बीच प्यार भी बढ़ता है। इसमें आपके वॉल कलर, घड़ी, बेडशीट, कारपेट, कर्टन्स का कलर एकसार होना चाहिए।

**रखें ध्यान**

बेडरूम का इंटीरियर करते समय उसके डिजाइन का ध्यान रखें। बेडरूम के साइज के अकॉर्डिंग ही आप इंटीरियर प्लान करें। खराब इंटीरियर से भी रिश्तों में खटास आने लगती है।

आपके बेडरूम में अलमारी जरूर होनी चाहिए। अलमारी बहुत छोटी या बहुत बड़ी नहीं होनी चाहिए। मीडियम साइज की अलमारी लें। जिसमें आप दोनों के कपड़े आसानी से आ जाए।

# जरूरत के अकॉर्डिंग हो आपका वैडिंग गिफ्ट

इन दिनों शादियों का सीजन है। आपके भी किसी फ्रेंड, रिलेटिव में किसी की जरूर शादी होगी। ऐसे में आप उन्हें वैडिंग गिफ्ट भी देंगी। गिफ्ट का सेलेक्शन इस बात पर निर्भर करता है कि जिसकी शादी आप अटैंड करने वाली हैं, उसके साथ आपका रिश्ता कैसा है? अगर वह आपकी फ्रेंड, करीबी रिश्तेदार की शादी है तो



आपको गिफ्ट को लेकर ज्यादा कॉन्सस होने की जरूरत है। उन्हें कुछ ऐसा गिफ्ट दें, जो उनके लिए यूफल हो।

**डेकोरेटिव आइटम्स**


नए रूम को सजाने के लिए डेकोरेटिव चीजों की जरूरत पड़ती है। इसलिए आप चाहें तो दूल्हा-दुल्हन को डेकोरेटिव आइटम्स भी गिफ्ट कर सकती हैं। इन दिनों मार्केट में डेकोरेटिव आइटम्स की कई वैराइटीज भी देखने को मिल रही है। आप चाहें तो शोपीसेज, क्रिएटिव आइटम्स, पेंटिंग, हैंडीक्राफ्ट का सामान गिफ्ट कर सकती हैं। इन्हें देने से पहले, आप पता कर लें कि सामने वाले को आपका गिफ्ट पसंद आएगा भी की नहीं। फोटो फ्रेम गिफ्ट करना भी एक अच्छा ऑप्शन है। इसमें वे अपनी शादी की फोटोज फ्रेम कर सकते हैं। यह एक यादगार गिफ्ट हो सकता है।

**किचन गैजेट्स**

अगर दूल्हा-दुल्हन दोनों वर्किंग हैं तो उन्हें किचन गैजेट्स गिफ्ट करना एक अच्छा ऑप्शन है। इससे वे अपना काम जल्दी कर सकते हैं। इन किचन गैजेट्स को यूज करते हुए, वे आपका शुक्रिया भी जरूर अदा करेंगे। इसमें आप पैनकेक बैटर मिक्सर, सलाद चौपर बाउल, हॉट डॉग टोस्ट, डबल सैंडविच मेकर और फ्रूट कैग टैपिंग किट गिफ्ट में दे सकती हैं। यह उनके के लिए काफी हेल्पफुल साबित होंगे।

**ज्वैलरी**

ज्वैलरी हर किसी को पसंद होती है। आप चाहें तो दूल्हा-दुल्हन को ज्वैलरी भी गिफ्ट कर सकती हैं। इसमें आप स्वरोस्की, क्रिस्टल, टाइटेनियम और स्टोंस वाली ज्वैलरी दे सकती हैं। इन दिनों प्लैटिनम भी ट्रेंड में है। आप चाहें तो इसे भी गिफ्ट कर सकती हैं। इस मौके पर सिल्वर ज्वैलरी गिफ्ट करना भी एक अच्छा आईडिया है। आप पहले दूल्हा-दुल्हन से उनकी पसंद की ज्वैलरी जान लें, इसके बाद उनकी पसंदीदा ज्वैलरी गिफ्ट कर सकती हैं।




**ये भी हैं ऑप्शंस**

आप चाहें तो फर्नीचर भी गिफ्ट में दे सकती हैं। इसमें आप डबल बैड, सोफा सेट, डाइनिंग टेबल दे सकते हैं। लेकिन इसे लेते समय उनके घर के साइज का ध्यान जरूर रखें।

वैडिंग गिफ्ट के रूप में कैश देना भी एक अच्छा ऑप्शन है। इससे दूल्हा-दुल्हन अपने जरूरत के हिसाब से खर्च कर सकते हैं।

**कपल गिफ्ट हो ऐसा**

अगर आप दूल्हा-दुल्हन की अच्छी फ्रेंड हैं या करीबी रिश्तेदार हैं तो उन्हें कुछ ऐसा गिफ्ट दें, जिसका इस्तेमाल वे दोनों मिलकर कर सकें। शादी के बाद आप उनके लिए एक सरप्राइज प्लान कर सकती हैं। इन दिनों कोरोना काफी तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए आप जो भी प्लान बनाएं, घर का ही बनाएं। इसके लिए घर के टेरिस को डेकोरेट कर लें। उनकी पंसद का खाना बनाएं। कैक कटिंग का भी प्लान कर सकती हैं। कैक पर दोनों के लिए लव कोट्स लिख सकती हैं।



# कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान

# दूसरे चरण का आगाज

## पहले दिन कोरोना वैक्सीन की 60 हजार डोज लगाने का लक्ष्य

**जबलपुर । जबलपुर जिले में भी बुधवार से दो दिनों के कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान के दूसरे चरण की शुरूआत हुई । । जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को कोरोना के टीके लगाने चार सौ से अधिक टीकाकरण केन्द्र स्थापित किये गए हैं। इनमें से शहर के 168 केन्द्र शामिल हैं।सुबह से ही सेंटरों में खासी भीड़ लगी है।**

जनप्रतिनिधियों, आपदा प्रबंधन समितियों के सदस्यों एवं आम नागरिकों की सहभागिता से चलाये जा रहे इस अभियान की सफलता के लिए कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की अगुवाई में व्यापक तैयारियां की गई हैं। टीकाकरण के प्रति जनजागरूकता पैदा करने तथा टीकाकरण से छूट गये लोगों को टीका लगवाने प्रेरित करने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, वार्ड प्रभारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, बूथ लेवल अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं और उन्हें



टीकाकरण केन्द्र आकर कोरोना की वैक्सीन लगवाने निमंत्रण दे रहे हैं।टीकाकरण महाअभियान के इस दूसरे चरण में दोनों दिन नागरिकों को कोविशील्ड की डोज लगाई जायेगी। महाभियान के पहले दिन 25 अगस्त को कोविशील्ड की पहली और दूसरी डोज लगाई गई ,जबकि दूसरे दिन 26 अगस्त को वैक्सीन की केवल दूसरी डोज लगाई जायेगी। ग्रामीण क्षेत्र में कुछ केद्रों पर कोवैक्सीन भी उपलब्ध रहेगी।

### वैक्सीन ही बचाव का एकमात्र कारगर उपाय

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने वैक्सीन को कोरोना से बचाव का एकमात्र कारगर उपाय बताते हुये कहा कि दूसरे चरण के इस महाअभियान के दौरान दोनों दिन जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बनाये जा रहे टीकाकरण केंद्रों पर कोविशील्ड का टीका लगाया जायेगा । पहले दिन कोविशील्ड की पहली और दूसरी डोज तथा दूसरे दिन इस वैक्सीन की सिर्फ दूसरी डोज लगाई जायेगी ।उन्होंने बताया कि वैक्सीन लगवाने के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं होगी । आधार कार्ड या पहचान पत्र दिखाकर टीकाकरण केन्द्रों पर ऑनसाइट



रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है और वैक्सीन लगवाई जा सकती है । कलेक्टर ने अपनी अपील में नागरिकों से समीप के टीकाकरण केंद्र पर जाकर खुद टीका लगवाने तथा साथ ही अपने परिवार के ऐसे सभी सदस्यों, मित्रों और परिचितों को भी टीका लगवाने के लिये प्रेरित करने का अनुरोध किया है जिन्होंने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाई है । श्री शर्मा ने पहली डोज लगवा चुके नागरिकों से भी समय पूरा हो जाने पर इस महाअभियान के तहत दूसरी डोज लगवाने का आग्रह किया है ।

### आम नागरिक जरूर कराएं टीकाकरण

सांसद राकेश सिंह, राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा, विधायक अजय विश्नोई, श्रीमती नंदनी मरावी, लखन घनघोरिया, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, तरुण भनोत, विनय सक्सेना एवं संजय यादव ,संभागायुक्त बी. चंद्रशेखर, आईजी पुलिस बीएस चौहान, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें, डॉ. संजय मिश्रा, मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. प्रदीप कसार, सीएमएचओ डॉ. रत्नेश कुररिया, मेडीकल कॉलेज के कोविड नोडल ऑफिसर डॉ. संजय मरावी, अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र जामदार ने भी कोरोना से बचाव के लिए महाभियान के तहत आम नागरिकों से समीप के टीकाकरण केन्द्र जाकर वैक्सीन लगवाने का अनुरोध किया है।

**फोटो- अशोक बर्मन**

## वैक्सीनेशन का महायज्ञ, सजे सेंटर




# जबलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री

**जबलपुर ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज दोपहर में भोपाल से वायुयान द्वारा जबलपुर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को जबलपुर प्रवास के दौरान कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत सरस्वती विद्या मंदिर त्रिमूर्ति नगर स्थित टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण करेंगे तथा यहाँ टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करेंगे । श्री चौहान बाद में दमोह नाका स्थित कोरोना कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर का अवलोकन करेंगे ।



मुख्यमंत्री यहाँ स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम 4 बजे वायुयान से वापस भोपाल प्रस्थान करेंगे ।

प्रदेश के लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री तथा जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव का आज दोपहर में सागर जिले के गढ़ाकोटा से कार द्वारा जबलपुर आगमन हुआ। प्रभारी मंत्री यहाँ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे तथा शाम 4 बजे जबलपुर से कार द्वारा सागर प्रस्थान करेंगे ।

### हाईटेंशन लाइन के नीचे खड़ी कंडम बोगी को रेलवे ने किया था नीलाम

# कटिंग करते मजदूर की मौत

### स्टेशन मास्टर ठेकेदार व पॉइंट्स मैन के विरुद्ध जीआरपी ने किया अपराध दर्ज

**जबलपुर यश भारत।** भेड़ाघाट रेलवे स्टेशन मैं हाईटेंशन लाइन के नीचे खड़ी कंडम बोगी को रेलवे द्वारा प्राइवेट ठेकेदार को नीलाम कर दिया गया था ठेकेदार द्वारा जब मजदूर से उक्त कंडम बोगी की कटिंग कराई जा रही थी इसी दौरान ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ जाने के कारण एक मजदूर की मौत हो गई । जीआरपी मदन महल ने मर्ग कायम कर घटना को जांच में लिया जिसमें दौरान जांच के मदन महल जीआरपी प्रभारी राजेश राज को मिले तमाम सबूतों एवं संबंथितो से पूछताछ करने के बाद मदन महल जीआरपी ने भेड़ाघाट स्टेशन मास्टर पॉइंट्स मैन एवं ठेकेदार के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



#### यह है पूरा मामला

मदन महल जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राज ने जानकारी देते हुए बताया कि भेड़ाघाट रेलवे स्टेशन में विगत 19 जुलाई 2021 को ठेकेदार ताल्हा खान द्वारा कंडम बोगी की कटिंग कराई जा रही थी इसी दौरान भेड़ाघाट स्टेशन मास्टर विजय कुशवाहा द्वारा पॉन्ड्स मेन नवीन गर्ग को लाइन ऑपरेट करने के लिए भेजा गया था जहां पर पूर्व से बंद लाइन आपरेट होते ही चालू हो गई थी और बोगी की कटिंग कर रहे मजदूर झांसी निवासी 49 वर्षीय मुन्ना लाल अहिरवार पिता नयनशुख अहिरवार को जबरदस्त करंट का झटका लगा और उसकी मौत हो गई उक्त घटना की जानकारी लगते ही मदन महल जीआरपी मौके पर पहुंची और प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए मर्ग कायम कर घटना को जांच में लिया गया था मदन महल जीआरपी राजेश राज ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच की गई दौरान जांच के इस पूरे घटनाक्रम में लापरवाही बरतने वाले स्टेशन मास्टर पॉइंट्स मैन एवं ठेकेदार के विरुद्ध धारा 304 का मामला दर्ज किया गया है इस संबंध में जीआरपी चौकी प्रभारी ने बताया कि ठेकेदार द्वारा मजदूर को कंडम बोगी की कटिंग करने के द्वारा उसे किसी प्रकार की कोई सुरक्षा किट नहीं दी गई जिसमें ठेकेदार को भी इस घटना में दोषी पाया गया है।

### टाइगर का 1 वर्ष पहले किया शिकार

# खोदकर निकाली हड्डियां

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर की एसटीएफ ने सिवनी वन विभाग और वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की संयुक्त टीम ने खवासा बार्डर पर दबिश देकर एक ऐसे तस्कर को दबोच लिया है, जिसका पेशा बाघों का शिकार करना था।**

आरोपी के पास एक बोरी टाइगर की हड्डियां व हिरन के सींग मिले हैं। तस्कर ने महाराष्ट्र में एक वर्ष पहले टाइगर का शिकार किया था और फिर खोदकर हड्डियां निकालीं, जिन्हें बेचने निकला था। आरोपी को हिरासत में लेकर टीम पूछताछ कर रही है। जबलपुर एसटीएफ बताया कि तस्कर के बारे में सूचना मिली थी। इस पर टीम ने खवासा बार्डर के पास दबिश देते हुए मुखबिर के बताए गए संदेही को दबोच लिया। संदेही के पास से टीम ने एक बोरी जब्त किए। बोरी में टाइगर की हड्डियां व हिरन के सींग मिले। टाइगर का जबड़ा और पैरों की हड्डियां थीं।

**तस्कर से एक बोरी हड्डियां और हिरन के सींग जब्त**

#### गोंदिया सीतापार का है तस्कर

आरोपी की पहचान सीतापार गोंडी महाराष्ट्र निवासी बालचंद बरकड़े के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने बाघ कर शिकार एक साल पहले महाराष्ट्र में किया था। बाघ के शव को जमीन में दफना दिया था। बाद में उसकी हड्डियां खोद कर निकाला है। वह उसे बेचने के लिए निकला था कि तभी टीम के हत्थे चढ़ गया। आरोपी के खिलाफ सिवनी वन विभाग ने प्रकरण दर्ज कर, पूछताछ जारी है।

## प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त नपे फिर भी नहीं सुधर रहे शराब दुकानदार

### पनागर में 575 की शराब 750 बेच रहे, वीडियो वायरल

**जबलपुर।** शराब दुकानों में ज्यादा रेट पर शराब बिक्री होने पर जबलपुर के प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त एसएन दुबे निलंबित हो गए बाबजूद शराब दुकानदार अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला पनागर शराब दुकान का है। शराब दुकान में पदस्थ कर्मचारी और ग्राहक के बीच शराब रेट को लेकर हुई बहस एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें 575 रूपए की शराब 750 कर्मचारियों द्वारा बेचे जाने की बात कही जा रही है। वायरल वीडियो में दुकान के कर्मचारियों द्वारा ग्राहक को धमकी देकर ज्यादा रेट में ही शराब लेने को कहा जा रहा है। मालूम हो कि आबकारी विभाग ने बीते दिनों शहर की शराब दुकानों में निर्धारित रेट से ज्यादा पर शराब बिक्री की जांच कराई थी जिसमें आधा दर्जन दुकानों में ज्यादा रेट में शराब बेचा जाना पाया था। इसमें प्रभारी सहायक आयुक्त की लचर कार्यप्रणाली को दोषी ठहराते हुए आबकारी आयुक्त ने सहायक आयुक्त को निलंबित कर दिया था। पनागर शराब दुकान के कर्मचारी वीडियो में साफ कह रहे हैं कि शराब की बोतल में मूल्य कितना ही क्यों न डला हो लेकिन वह शराब 750 रूपए में बेचेंगे अगर शराब लेना हो तो ठीक नहीं तो चलते बनो। वीडियो में ग्राहक शराब बोतल में लिखी एमआरपी बता रहा बाबजूद दुकान के कर्मचारी उससे शराब के ज्यादा पैसे ले रहे हैं।



### मंत्री देवड़ा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

## पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम कांग्रेस की ही देन

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश के वित्त एवं आबकारी मंत्री देर रात अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे, जहां उन्होंने आबकारी और वितीय विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर उनका स्वागत भी किया । अल्प प्रवास के दौरान मीडिया से बात करते हुए वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा, उन्होंने कहा कि आज पूरे देश भर में जिस तरह से पेट्रोल- डीजल के दाम को लेकर कांग्रेस हंगामा कर रही है वह उन्हीं की ही देन है।



#### कमलनाथ सरकार ने बढ़ाया वेट टेक्स

मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि डीजल पेट्रोल पर वेट टैक्स बढ़ाने का काम कमलनाथ सरकार की देन है। जिन्होंने कहा कि 15 माह के अपने कार्यकाल में लगातार पेट्रोल डीजल के दामों पर वेट टैक्स बढ़ाते गए। उन्होंने कहा कि समय समय पर सरकारों को कुछ न कुछ निर्णय लेना होता है,और उसी कड़ी में यह निर्णय है।

#### जहरीली शराब बेचने पर मिलेगी मौत की सजा

वित्त एवं आबकारी मंत्री ने जहरीली शराब बेचने वालों को लेकर कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार ने साफ तौर पर जहरीली शराब को लेकर कड़े कानून बनाए हैं, अब जो भी जहरीली शराब को बेचते हुए पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इतना ही नहीं उम्रकैद से लेकर मृत्युदंड तक की सजा का इस पर प्रावधान किया गया है, कड़े कानून बनाने के बाद अब निश्चित रूप से इस पर कंट्रोल होगा।

## सितंबर के दूसरे सप्ताह से खुलेंगे कक्षा 1 से लेकर 8वीं तक स्कूल

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश में अब जल्द ही प्राइमरी और मिडिल स्कूल खोलने की तैयारी की जा रही है। सितंबर के दूसरे हफ्ते से कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं खुल सकती हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का कहना है कि प्रदेश में लगातार कोरोना मामले कम हो रहे हैं, कोरोना के लगातार कम होते केसेस के बीच सितंबर से स्कूल खोले जा सकते है.

#### लगभग तैयारियां पूरी

कक्षा 9 से 12वीं के स्कूल खुलने के बाद अब पहली से आठवीं तक के स्कूल खोलने को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने लगभग तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का कहना है कि मध्य प्रदेश में लगातार कोरोना के केसेस कम हो रहे हैं.। इसी तरह से कोरोना के कम होते आंकड़े अगस्त के आखिर तक आते रहे तो सितंबर के दूसरे हफ्ते से कक्षा पहली से आठवीं तक की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी. कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्र छात्राओं के लिए स्कूल पहुंचने की व्यवस्थाएं अलग रहेगी. कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल में पहुंचने की व्यवस्था पूरी तरह से अलग रहेगी।



#### 50 फीसदी क्षमता के साथ लगेगी क्लासेस

कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक के छात्र-छात्राओं की क्लासेस सप्ताह में एक से दो दिन लगाने की तैयारी की जा रही है. 50 फीसदी क्षमता के साथ क्लासेस में छात्र-छात्राएं पहुंचेंगे. अगर किसी कक्षा में 40 स्टूडेंट है तो 1 दिन 20 और दूसरे दिन 20 बच्चों को स्कूल बुलाया जाएगा. स्कूल में पहुंचने के लिए माता-पिता की सहमति अनिवार्य की जाएगी।

### पाटन में एक दर्जन से अधिक

# ग्रामीणों से ठगी

**जबलपुर, यशभारत।** पाटन में एक जालसाज युवक ने भोले-भाले ग्रामीणों को लोन दिलाने के नाम पर ठगी कर, फरार हो गया। युवक पीड़ितों के घर गया और एचडीएफसी बैंक से काम धंधे के लिए एक-एक लाख रुपए का लोन दिलाने का आवश्वासन दिया। जब ग्रामीण युवक की बातों में फंस गए तो उसने बड़ी ही होशियारी से कभी बीमा तो कभी स्टाम्प के नाम पर हजारों रुपए ऐंठे। जब पीड़ितों ने लोन की गुहार लगाई तो आरोपी गायब हो गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस का दरबाजा खटखटाया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि रामस्वरूप गोंड़ 32 वर्ष निवासी ग्राम भुवारा ने पुलिस को बताया कि करीब 3 महिने पहले रोशन चौधरी निवासी ग्राम छेवला ग्वारीघाट ने उसके घर आकर बताया कि अगर आप लोग कोई धंधा करना चाहते हो तो मैं हर व्यक्ति को एचडीएफ सी बैंक गोलबजार शाखा से एक-एक लाख रूपये लोन दिलवा दूंगा जो 42 महिनों की किस्त में चुकाना होगा। इतना ही नहीं जिसका 10 हजार 460 रूपये ब्याज देना पड़ेगा। हर महीने 2 हजार 630 रूपये किस्त बनेगी। फि र रोशन ने सभी से 6-6 लोगों का समूह बनाकर आधार कार्ड, बैंक की पास बुक व पति-पत्नी की ज्वाईट फ ोटो ले लिया। उसकी पत्नी रोशनी गांव की वंदना गोंड़, नन्ही बाई गोंड़, मिथलेश सेन, संगीता गौंड़, गुड्डी बाई गौंड़ को शामिल किया गया था।

**पुलिस ने शिकायत के बाद दर्ज किया मामला**

**आरोपी की तलाश जारी**

#### महिलाओं के नाम से मिलेगा लोन

शातिर ठग ने कहा कि महिलाओं के नाम से लोन मिलेगा। इसके लिये 3-4 दिन बाद फिर घर आया । उसने कहा कि लोन की रकम ज्यादा है इसलिये पैन कार्ड बनवाने पड़ेगें । जिसके बाद पीड़ितों ने मनोज सेन पाटन में एमपी आनलाईन की दुकान कार्ड बनवाए। दूसरे दिन रोशन उसके घर आया और कहने लगा कि हर व्यक्ति का बीमा करना पड़ेगा। जिसके लिये 1600-1600 रूपये देने होगें। जो एक साल बाद वापस हो जायेंगे और हम सभी 6 लोगों से 1600-1600 रूपये ले गया तथा रोशन ने हम लोगों से 10-10 रूपये के स्टाम्प पर हस्ताक्षर कराये थे। जिस पर एचडीएफ सी बैंक गोल बजार शाखा से लोन लेने के लिये लिखा था और 25 दिन बाद लोन मिल जाने का कहकर चलता बना।

#### गांव के अन्य लोगों को भी विश्वास में लिया

जालसाज यहीं नही रुका, रोशन गांव के लगभग 17-18 लोगों से भी लोन दिलाने के नाम पर 1600-1600 रूपये ले गया। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि जब हमने रोशन के बारे में पता किया तो पता चला कि रोशन ने हम लोगों का धोखा देकर 1600-1600 रूपये लोन दिलवाने का झांसा देकर लिये हैं। हमें कोई लोन नहीं दिलवा रहा है।

#### आरोपी की तलाश जारी

पुलिस ने शिकायत जांच पर रोशन चौधरी द्वारा यह जानते हुये कि वह न तो बैंक का अधिकारीहै न ही बैंक द्वारा उसे शपथ पत्र तैयार कराने कहा गया है, फ र्जी तरीके से 10-10 रूपये के स्टाम्प पर एचडीएफ सी बैंक शाखा गोलबजार के नाम से झूठे शपथ पत्र की कूट रचना करना तथा ग्राम भुवारा एव अन्य ग्राम के निवासियों को धोखा देर 1600-1600 रूपये बीमा करने के नाम पर धोखाधड़ी की गई। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश में जुटी है।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

प्रथम पुण्य तिथि
26/8/2020
स्व. करन कुमार बेटिया
प्रथम पुण्य तिथि पर
शत् शत् नमन
विनम्र श्रद्धांजलि
बेटिया परिवार
702, निवाड़गंज बड़ा फुहारा
प्रतिष्ठान न्यू नेत्र ज्योति चश्मे एण्ड बैजू बेटिया जन ज्योति चश्मे
इलाहाबाद बैंक के सामने रानीताल चौक, जबलपुर



ADMISSION OPEN
भारतीय ITI
Affiliated By DGET & NCVT (Govt. Of India)
ISO CERTIFIED
ESTD 1990
ELECTRICIAN 2 Year Engg. Trade
FITTER
FREE ONLINE REGISTRATION
Sharda Chowk (Infront of Chourasiya Hotel) Madan Mahal, Jabalpur
Ph. : 0761-4003860, 9425162863, 9425150550, 7974960286

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

DS44 रिटेल एवं होलसेल
फिक्स रेट शॉप
जीन्स 375/- लोवर 199/-
शर्ट 249/- टी-शर्ट 199/-
सम्पर्क 9109244144
पता- जबलपुर तुलाराम चौक स्टेट बैंक के आगे आनंद रेडियो के बाजू से

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना मुरमुरा बोल्ड चना केला चिप्स बोल्ड पीनट मसाला चना ड्राय मेल चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )